RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 268 | कुशीनगर | शनिवार 31 जुलाई, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये



दूसरे ओलिंपिक मेडल की दहलीज पर सिंधु

टोक्यो ओलिंपिक
205 देश | 339 इवेंट्स
23 जुलाई से 8 अगस्त

पीवी सिंधु के अचीवमेंट

ओलिंपिक: 1 सिल्वर

वर्ल्ड चैंपियनशिप: 1 गोल्ड 2 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज

एशियन गेम्स: 1 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज

कॉमनवेल्थ गेम्स: 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज

टोक्यो,(एजेंसी)। रियो ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु टोक्यो में भी मेडल जीतने से एक कदम दूर हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जापान की अकाने यामागूची को हराकर सेमीफाइनल में एंट्री की है। अब उनकी नजर सिल्वर या गोल्ड मेडल पर होगी। अगर सेमीफाइनल में वे हार भी जाती हैं, तो उन्हें ब्रॉन्ज मेडल के लिए खेलना होगा। सिंधु टोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाली इकलौती भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने टोक्यो जाने से पहले एक इंटरव्यू में कहा था कि भारत सरकार की ओर से दिए गए सम्मान और पुरस्कारों को सार्थक करना है। 9 साल की उम्र से गोपीचंद की एकेडमी में ट्रेनिंग शुरू कीध पीवी सिंधु का जन्म 5 जुलाई 1995 को आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद में हुआ था। उनके माता–पिता राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी थे। पिता पीवी रमाना 1986 के सियोल एशियाई खेलों में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। भले ही सिंधु के माता–पिता वॉलीबॉल खिलाड़ी रहे हों, लेकिन वे खुद पुलेला गोपीचंद के प्रदर्शन से प्रभावित थीं और 9 साल की उम्र से ही गोपीचंद की एकेडमी में अभ्यास करने लगी थीं। सब जूनियर और जूनियर स्तर पर जीत चुकी हैं कई मेडल सिंधु ने करियर की शुरुआत में ऑल इंडिया रैंकिंग चौंपियनशिप और सब–जूनियर नेशनल चौंपियनशिप में खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने 2009 में सब–जूनियर एशियाई बैडमिंटन चौंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता और एक साल बाद ईरान में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन चौलेंज में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। 2012 में उन्होंने एशियन जूनियर चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। वर्ल्ड चौंपियनशिप में जीते 5 मेडल सिंधु ने वर्ल्ड बैडमिंटन चौंपियनशिप में एक गोल्ड सहित पांच मेडल जीते हैं। 2013 और 2014 में उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल जीते। 2017 व 2018 में सिल्वर और 2019 में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में भी जीत चुकी हैं मेडल सिंधु 2014 इंचियोन एशियन गेम्स में विमेंस टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं।

मेरठ के सोतीगंज में कबाड़ियों ने अपने घरों में भी गोदाम बनाए हुए हैं। यहां भी चोरी और लूट की गाड़ियों के इंजन मिले हैं। सोतीगंज में पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई के दौरान 100 से अधिक इंजन और गाड़ियों के पार्ट्स बरामद किए हैं। इन्हें सदर थाने में लाया गया है। इसके अलावा तीन लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

संक्षिप्त

6 प्रवासी मजदूरों की आग में झुलसकर हुई मौत, काम करने के दौरान हुआ हादसा

हैदराबाद,(एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के लंकावणी डिब्बा गांव में 6 प्रवासी मजदूरों की आग में झुलकर मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि सभी छह व्यक्ति एक झींगा प्रजनन तालाब में काम करते थे, फिलहाल उनकी मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है और पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब बड़ी संख्या में मजदूर बिजली का काम कर रहे थे, इसी दौरान अचानक से आग लग गई, जिसमें झुलसकर 6 प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। वहीं कुछ मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना स्थल पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं।

केरल में बढ़ रहे कोविड के मामले चिंताजनक: राहुल गांधी

नई दिल्ली,(एजेंसी)। केरल में कोविड की बढ़ती संख्या को देखते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में बढ़ते मामले चिंताजनक हैं और उन्होंने लोगों से सभी सुरक्षा उपायों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि, केरल में कोरोनावायरस संक्रमण के बढ़ते मामले चिंताजनक हैं। मैं राज्य में अपने भाइयों और बहनों से सभी सुरक्षा उपायों और दिशानिर्देश का पालन करने की अपील करता हूं। कृपया ध्यान रखें। वायनाड से कांग्रेस के लोकसभा सांसद की टिप्पणी केरल द्वारा हाल के दिनों में कोविड के मामलों की संख्या में वृद्धि के बाद आई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि लगातार तीसरे दिन गुरुवार को 20,000 से अधिक नए मामले दर्ज किए गए। गुरुवार को 22,064 लोगों ने पॉजिटिव परीक्षण किया, बुधवार को 22,056 और मंगलवार को 22,129 लोगों ने पॉजिटिव परीक्षण किया है।

सुको ने फ्यूचर-रिलायंस सौदे के खिलाफ अमेजन की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली,(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस रिटेल के साथ फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) के विलय के लिए 24,713 करोड़ रुपये के सौदे को चुनौती देने वाली ई–कॉमर्स दिग्गज अमेजन की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। एफआरएल और अमेजन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और गोपाल सुब्रमण्यम ने मामले में अपना पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति आर. एफ. नरीमन और बी. आर. गवई ने कहा कि वह इस मामले में दलीलें बंद कर रहे हैं और फैसला सुरक्षित रखा जा रहा है। पीठ ने कहा, अब हम मामला (सुनवाई) बंद करते हैं। फैसला सुरक्षित रखा जाता है। इस सौदे को लेकर अमेरिका की ई–कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन डॉट कॉम एनवी इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स एलएलसी तथा एफआरएल कानूनी लड़ाई में उलझे हुए हैं। अमेजन ने न्यायालय में कहा है कि सिंगापुर के आपातकालीन मध्यस्थ (ईए) का एफआरएल को रिलायंस रिटेल के साथ विलय सौदे से रोकने का फैसला वैध है और इसका क्रियान्वयन कराया जाना चाहिए। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने एफआरएल और वरिष्ठ वकील गोपाल सुब्रहमण्यम ने अमेजन की पैरवी करते हुए अपनी–अपनी दलीलें दीं, जिसके बाद न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने फिलहाल फैसला सुरक्षित रख लिया है और अदालत बाद में इस पर अपना फैसला सुनाएगी।

सी 12वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी: अब तक का हाइएस्ट रिजल्ट

लड़कियों ने फिर बाजी मारी

नयी दिल्ली,एजेन्सी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए है। बता दें कि 12वीं के 99.37 फीसदी छात्र पास हुए है। इनमें 99.13: लड़के पास हुए है वहीं 99.67 फीसदी लड़कियों ने बाजी मारी। कहां देखें रिजल्ट? विद्यार्थी सीबीएसई बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने परीक्षा परिणाम को देख सकते हैं। परीक्षा परिणाम देखने के लिए आपको बइेमतमेनसजे.दपब.पद या बइेम.हवअ.पद पर जाना होगा। आपको बताते दे कि इस साल 12वीं में 14.5 लाख छात्र पंजीकृत है। हालांकि कोरोना वायरस के कारण इस बार दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं रद्द कर दी गई थी। 0.54% से आगे रहीं लड़कियां परीक्षा में एक बार फिर लड़कियों ने बाजी मारते हुए लड़कों को पीछे छोड़ दिया। इस बार के रिजल्ट में लड़कियां लड़कों से 0.54% से आगे रहीं। लड़कियों का पास पर्सेंटेज 99.67 जबकि लड़कों का पर्सेंटेज 99.13 रहा। 12वीं के नतीजों में लगातार 6वीं बार लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी है। वहीं, ट्रांसजेंडर स्टूडेंट्स का रिजल्ट 100 फीसदी रहा। पिछले साल से 17 दिन लेट आया रिजल्ट पिछले साल रिजल्ट 13 जुलाई को जारी किए गए थे, लेकिन इस साल कोरोना के कारण रिजल्ट 17 दिन की देरी से जारी किया गया। इस साल बोर्ड ने कोरोना की वजह से 12वीं की बोर्ड परीक्षा रद्द कर दी थी। जिसके बाद मार्किंग स्कीम तय करने और फिर उसके आधार पर रिजल्ट तैयार करने में हुई देरी के चलते रिजल्ट 30 जुलाई को घोषित किया गया। परीक्षा रद्द होने के कारण से मेरिट लिस्ट और टॉपर्स की लिस्ट भी जारी नहीं की जा रही है। कोर्ट के फैसले के बाद 31 जुलाई तक रिजल्ट इस साल बोर्ड ने कोरोना महामारी के चलते प्रधानमंत्री के फैसले के बाद 10वीं– 12वीं की परीक्षाओं को कैंसल कर दिया था और असेसमेंट स्कीम के आधार पर जारी करने का फैसला किया था। बोर्ड परीक्षाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि वह 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 31 जुलाई तक जारी करें। जिसके बाद CBSE बोर्ड ने अपनी तैयारी तेज कर दी थी। ऐसे तैयार किया गया रिजल्ट CBSE के बनाए पैनल ने 12वीं के छात्रों के मूल्यांकन के लिए 30:30:40 का फॉर्मूला तय किया है। इसके तहत 10वीं– 11वीं के फाइनल रिजल्ट को 30% वेटेज दिया जाएगा और 12वीं के प्री– बोर्ड एग्जाम को 40% वेटेज दिया जाएगा। CBSE ने 4 जून को 12वीं के स्टूडेंट्स की मार्किंग स्कीम तय करने के लिए एक 13 सदस्यीय कमेटी बनाई थी।

पिछले साल से 17 दिन लेट आया रिजल्ट

पिछले साल रिजल्ट 13 जुलाई को जारी किए गए थे, लेकिन इस साल कोरोना के कारण रिजल्ट 17 दिन की देरी से जारी किया गया। इस साल बोर्ड ने कोरोना की वजह से 12वीं की बोर्ड परीक्षा रद्द कर दी थी। जिसके बाद मार्किंग स्कीम तय करने और फिर उसके आधार पर रिजल्ट तैयार करने में हुई देरी के चलते रिजल्ट 30 जुलाई को घोषित किया गया। परीक्षा रद्द होने के कारण से मेरिट लिस्ट और टॉपर्स की लिस्ट भी जारी नहीं की जा रही है।

कोर्ट के फैसले के बाद 31 जुलाई तक रिजल्ट

इस साल बोर्ड ने कोरोना महामारी के चलते प्रधानमंत्री के फैसले के बाद 10वीं– 12वीं की परीक्षाओं को कैंसल कर दिया था और असेसमेंट स्कीम के आधार पर जारी करने का फैसला किया था। बोर्ड परीक्षाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि वह 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 31 जुलाई तक जारी करें। जिसके बाद CBSE बोर्ड ने अपनी तैयारी तेज कर दी थी।

CBSE का रिजल्ट - एक नजर में

कुल विद्यार्थी - 1430188 कुल रेगुलर विद्यार्थी - 1369745	प्राइवेट और पत्राचार वाले स्टूडेंट्स - 60443	कितने विद्यार्थियों का रिजल्ट आया - 1304561

बचे हुए विद्यार्थी, जिनका रिजल्ट 5 अगस्त को आएगा - 65184

असम सरकार ने निवासियों को मिजोरम जाने से किया मना

गुवाहाटी ,(एजेंसी)। सीमा पर सोमवार को हुए खूनी संघर्ष और उसके बाद के घटनाक्रम के मद्देनजर असम सरकार ने अपने नागरिकों से पड़ोसी राज्य मिजोरम की यात्रा नहीं करने को कहा है। गृह और राजनीतिक विभाग के आयुक्त और सचिव, एम.एस. मणिवन्नन ने यात्रा परामर्श में कहा कि मौजूदा गंभीर स्थिति को देखते हुए, असम के लोगों को मिजोरम की यात्रा न करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए किसी भी तरह के खतरे को स्वीकार नहीं किया जा सकता। कहा गया है, काम से जुड़ी मजबूरी के चलते मिजोरम में रह रहे असम के लोगों को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। एडवाइजरी में कहा गया है कि असम–मिजोरम सीमा क्षेत्र में हिंसक झड़पों के कई मामले सामने आए हैं।

एक घंटे में तीन जगहों पर दिखे संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन

फायरिंग के बाद वापस लौटे

जम्मू,(एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर में बीती देर रात भी जम्मू–कश्मीर के सांबा जिले में तीन अलग–अलग स्थानों पर संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन मंडराते देखे गए। अधिकारियों ने बताया कि ये ड्रोन रात करीब 8.30 से 9.30 के बीच बारी–ब्राह्मण, चिलाद्या और गगवाल इलाकों में एक ही समय पर देखे गए। इनमें से दो ड्रोन आर्मी कैंप और आईटीबीपी कैंप के पास देखे गए। ये ड्रोन ऐसे समय में देखे गए हैं जब करीब एक हफ्ते पहले पुलिस ने यहां पास के सीमावर्ती कनचक इलाके में पांच किलोग्राम आईईडी सामग्री ले जा रहे एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया था। अधिकारियों ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पाकिस्तान की ओर लौट रहे एक ड्रोन पर चिलाद्या में कुछ गोलियां चलायीं। अधिकारियों ने कहा कि अन्य दो ड्रोन बारी ब्राह्मणा और गगवाल में जम्मू–पठानकोट राजमार्ग पर संवेदनशील सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर मंडराने के तुरंत बाद आसमान से गायब हो गए। पुलिस अन्य सुरक्षा बलों के साथ घटनास्थल पर गहन तलाशी के लिए रवाना हो गई है और इस संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। 5 अगस्त और 15 अगस्त के मद्देनजर ड्रोन आतंक का खतरा बड़ा होता जा रहा है क्योंकि पाकिस्तान में लगातार इससे जुड़ी साजिशे रची जा रही हैं। पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और दहशगर्द मिलकर हिंदुस्तान के खिलाफ आतंक के नये हथियार ड्रोन को धार देने में जुटे हैं। 5 अगस्त और 15 अगस्त को लेकर पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में ड्रोन से हमले की फिराक में हैं।

प्रदूषित नदियों की संख्या 302 से बढ़कर 351 हो गई: केन्द्र सरकार

नई दिल्ली,(एजेंसी)। पूरे भारत में प्रदूषित नदियों की संख्या 2015 से 2018 तक 302 से बढ़कर 351 हो गई है। लोकसभा को पूरे भारत में नदियों की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर सरकार ने सूचित किया गया है। जैविक प्रदूषण के एक संकेतक जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) के संदर्भ में निगरानी परिणामों के आधार पर, सीपीसीबी द्वारा समय–समय पर प्रदूषित नदी के हिस्सों की पहचान की जाती है। राज्य मंत्री जल शक्ति और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए, प्रह्लाद सिंह पटेल ने एक लिखित उत्तर में कहा, साल 2009 से 2012 के बीच इस डेटा को ध्यान में रखते हुए, 2015 में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत भर में 302 प्रदूषित नदी हैं, जबकि 2018 के बीच निगरानी डेटा के अनुसार इसकी संख्या बढ़कर 351 हो गई थी। मंत्री ने कहा, तेजी से हो रहे शहरीकरण और औद्योगीकरण ने समस्या को और बढ़ा दिया है। देश में नदियाँ शहरो और कस्बों से अनुपचारित और आंशिक रूप से उपचारित सीवेज और उनके संबंधित जलग्रहण क्षेत्रों में औद्योगिक अपशिष्टों के निर्वहन, सीवेज और अपशिष्ट उपचार संयंत्रों के संचालन और रखरखाव में समस्याओं, प्रदूषण के अन्य गैर–बिंदु स्रोतों की कमी के कारण प्रदूषित हुआ हैं। मंत्री ने यह भी कहा, जबकि कुछ विशेषज्ञों की रिपोटरें के मुताबिक नदियों में जल प्रवाह में कमी के बारे में चिंता व्यक्त की है, केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा देश में प्रमुख और महत्वपूर्ण नदियों के लिए पिछले 20 वर्षों से बनाए गए वार्षिक औसत प्रवाह डेटा है। पानी की उपलब्धता में किसी महत्वपूर्ण गिरावट का संकेत नहीं है। हालांकि, सीडब्ल्यूसी के अनुसार, देश में प्रति व्यक्ति वार्षिक जल उपलब्धता जनसंख्या में वृद्धि, शहरीकरण, लोगों की बेहतर जीवन शैली आदि के कारण उत्तरोत्तर कम हुई है।

मेरठ के हस्तिनापुर का योगी सरकार कराएगी रेनोवेशन

मेरठ। मेरठ के हस्तिनापुर को अब द्रोपदी के श्राप से मुक्ति मिलेगी। इसकी शुरुआत यूपी सरकार ऐतिहासिक द्रोपदी घाट के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार से करेगी। घाट पर आने वाली महिलाओं को अब यहां सभी सुविधाएं मिलेंगी। अब लगता है कि महाभारत कालीन ऐतिहासिक धरोहरों की हालत सुधरने लगी है। कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने हस्तिनापुर को स्वदेश योजना में शामिल किया है। वहीं, प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने द्रोपदी घाट को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट में रखा है। 38 लाख रुपए के बजट से घाट को संवारने की कवायद शुरू हो चुकी है। मान्यता है कि इस द्रोपदी घाट में स्वयं द्रोपदी स्नान करती थी। मेरठ शहर से सटकर बसा है हस्तिनापुर मेरठ शहर से लगभग 30 किमी दूर बसी कौरव–पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर महाभारत की गवाह है। यह विधानसभा सीट होने के साथ बड़ी आबादी का ब्लॉक है, यहां अपनी नगर पंचायत भी है। ऐतिहासिक महत्व के साथ हस्तिनापुर को जैनियों के बड़े धार्मिक स्थल के रूप में भी जाना जाता है। 38 लाख रुपए से जीर्णोद्धार, बढ़ेगा पर्यटन का कारोबार हस्तिनापुर विधायक दिनेश खटीक के मुताबिक, हस्तिनापुर में घाट का सौंदर्यीकरण होगा तो यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे हस्तिनापुर का विकास भी होगा। नगर पंचायत के चेयरमैन अरुण कुमार कहते हैं कि मई से द्रोपदी घाट पर सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। स्वदेश योजना के तहत यहां 38 लाख रुपए का काम होना है। 16 लाख रुपए आ चुके हैं काम शुरू है। नगर पंचायत के कार्यकारी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा कहते हैं कि यहां महिलाओं के लिए 2 टॉयलेट, दो कमरे, द्रोपदी घाट के चारों ओर टाइल्स, सोलर लाइट, सबमर्सिबल, घाट का पुनर्निर्माण का काम होगा। श्सातफेरीश मेला है प्रमुख आयोजन घाट की महंत माता वेदमती बताती हैं कि द्रोपदी घाट में हर साल सातफेरी का मेला लगता है। मेले में आसपास के गांवों से लगभग 10 हजार महिलाएं आती हैं। महिलाएं द्रोपदी घाट में स्नान कर 2 किमी. की दूरी तक जौ बोती हैं। जौ बोने को मोतियों के दान के बराबर माना जाता है। जैनियों के रशमेले के बाद हर साल सातफेरी मेला होता है। इस बार कोरोना के कारण मेला नहीं हुआ। मेले में महिलाओं के लिए स्नानघर की समस्या

होती है, जो अब नहीं होगी। दुर्वासा ऋषि ने दिया था द्रोपदी को आशीर्वाद स्थानीय निवासियों का मानना है कि द्रोपदी रोजाना घाट पर स्नान कर पूजा करती थीं। एक दिन जब द्रोपदी स्नान करने गई, तभी कुछ दूरी पर ऋषि दुर्वासा भी स्नान कर रहे थे। दुर्वासा नदी के अंदर थे, तो उनका अधोवस्त्र नदी में बह गया। यह देखकर द्रोपदी ने अपनी साड़ी का एक हिस्सा फाड़कर ऋषि के पास भेज दिया। तब ऋषि ने द्रोपदी को वरदान दिया कि उसकी गरिमा कभी प्रभावित नहीं होगी। दुर्वासा के इस आशीर्वाद पर ही भगवान कृष्ण ने द्रोपदी के सम्मान की रक्षा की थी। पहले द्रोपदी फिर कृष्ण पूजा की मान्यता पश्चिमी यूपी में महिलाओं के लिए द्रोपदी घाट और यहां बना द्रोपदी मंदिर मनोकामना पूर्ति का स्थल माना जाता है। द्रोपदी घाट के पास शनि मंदिर और कृष्ण मुरारी मंदिर है। द्रोपदी पूजन के बाद यहां कृष्ण पूजन अनिवार्य है। द्रोपदी तालाब में स्नान कर महिलाएं पीपल के नीचे बैठकर पहले मां द्रौपदी की पूजा करती हैं फिर कृष्ण पूजा होती हैं। संस्कृति मंत्री प्रह्लाद पटेल ने किया था शामिल केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने हस्तिनापुर भ्रमण के दौरान इस स्थान को स्वदेश दर्शन योजना में शामिल करने का फैसला किया था। स्वदेश योजना में आने के बाद हस्तिनापुर के पौराणिक स्थलों को नई पहचान मिलेगी। यहां पर्यटन भी बढ़ेगा। द्रोपदी घाट का विकास भी इसी योजना में हो रहा है। क्या था हस्तिनापुर पर द्रोपदी का श्राप बता दें, हस्तिनापुर कभी पांडवों की राजधानी मानी जाती थी। कौरवों और पांडवों के कई महल और मंदिरों के अवशेष यहां मिलते हैं। हस्तिनापुर में ही पांडवों के सबसे बड़े भाई युधिष्ठिर जुए में द्रोपदी सहित अपना सब कुछ हार गए थे। पौराणिक कथा के मुताबिक, गंगा की बाढ़ के कारण यह नगर पूरी तरह से तबाह हो गया था। उसके बाद पांडव हस्तिनापुर को छोड़कर कौशांबी चले गए थे। चीरहरण के समय द्रोपदी ने हस्तिनापुर को श्राप दिया था कि जहां नारी का सम्मान नहीं होता वह जमीन पिछड़ जाती है। उस श्राप का असर आज भी देखने को मिल रहा है।

झाड़फूंक के बहाने युवती से बलात्कार के जुर्म में तांत्रिक को उम्रकैद

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के महोबा की एक विशेष अदालत ने युवती से बलात्कार करने के जुर्म में तांत्रिक को उम्रकैद की सजा सुनाई है और उस पर 24 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक प्रमोद पालीवाल ने शुक्रवार को बताया कि अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायालय एससीएसटी एक्ट की विशेष न्यायाधीश संदीपा यादव की अदालत ने झाड़–फूंक के बहाने युवती से बलात्कार करने के दोषी तांत्रिक नन्दू कुशवाहा को बृहस्पतिवार को उम्रकैद की सजा सुनाई और उस पर 24 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। उन्होंने बताया कि चरखारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 22 वर्षीय युवती अपने रिश्तेदार के घर गयी थी, उसकी बीमारी ठीक करने के नाम पर तांत्रिक ने छह जनवरी 2017 की रात उसके साथ बलात्कार किया था। पीड़िता ने इस मामले में प्राथमिकी 11 जनवरी 2017 को दर्ज कराई थी।

एमबीबीएस छात्रों ने घर में घुसकर पीटा

बांदा,(यूएनएस)। मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत एमबीबीएस छात्रों ने आवास में घुसकर कालेज कर्मी के साथ मारपीट की। घायल ने जिला अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया है। प्रधानाचार्य ने कहा कि घटना संज्ञान में है। स्थानीय समिति से जांच कराकर मारपीट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल कॉलेज में सुपरवाइजर पद पर तैनात कर्मी हर्षित को वीरवार की देर रात एमबीबीएस छात्रों ने घर में घुसकर पीटा। आरोप लगाया कि दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर घुसे और बिजली बंद कर मारपीट की। अंधेरा होने पर वह पहचान नहीं सका। कालेज प्रबंध तंत्र से उसने शिकायत की है। बताया कि इमर्जेंसी में मरीज का इलाज हो रहा था। उनके परिजन झाड़फूंक कराने लगे। इसी बात को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। प्रधानाचार्य डा. मुकेश कुमार यादव ने बताया कि उन्हें लिखित रूप से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। घटना संज्ञान में है। इंटर्नशिप छात्रों से पूछताछ की गई है। कालेज टीम से जांच कराई जाएगी। दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। जिससे भविष्य में घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। साथ ही यह भी कहा कि मेडिकल कालेज में झाड़फूंक की अनुमति नहीं है।

बिजली ठेकेदारों की हड़ताल 5 तक स्थगित

बांदा,(यूएनएस)। कई मांगों और मुद्दों को लेकर बिजली विभाग की ईडीसी कांट्रेक्टर यूनियन द्वारा पहली अगस्त से प्रस्तावित बेमियादी हड़ताल स्थगित हो गई है। यूनियन की जिला इकाई की बैठक में निर्णय लिया गया। अध्यक्ष सचिन मिश्रा ने बताया कि अधीक्षण अभियंता अशोक कैम ने उन्हें पत्र भेजकर अवगत कराया कि यूनियन के साथ वार्ता 5 अगस्त को शाम 4 बजे उनके कार्यालय में होगी। अध्यक्ष के मुताबिक, इसी के मद्देनजर हड़ताल 5 अगस्त तक स्थगित कर दी गई है। बैठक में मंडल महासचिव शैलेष सिंह शिल्लू, अनूप मिश्रा, डॉ. निर्भय सिंह, मानवेंद्र सिंह, राकेश कुमार, जीतू तिवारी, मुबीन खां आदि थे।

बच्चों के पेट के कीड़े निकालने को दो अगस्त से चलेगा अभियान

उरई/जलौन,(यूएनएस)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का आयोजन इस बार सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़े के साथ 2 अगस्त से जिलेभर में मनाया जाएगा। यह अभियान 2 से 11 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान फ्रंटलाइन वर्कर आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर–घर भ्रमण कर एक से 19 साल तक के बालक, बालिकाओं को पेट के कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाएंगी। एसीएमओ डॉ एसडी चौधरी ने बताया कि जालौन समेत प्रदेश के 17 जनपदों में बच्चों को पेट के कीड़े निकालने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इसमें एक से दो साल तक के बच्चों को एल्बेन्डाजोल की 200 एमजी की आधी गोली चूरा बनाकर पानी से खिलाई जाएगी। जबकि दो से तीन साल के बच्चों को पूरी गोली चूरा बनाकर पानी के साथ खिलाई जाएगी। 3 से 19 साल तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की 400 एमजी की पूरी गोली खिलाई जानी है। इसके लिए 1226 टीमें बनाई गई है जो अपनी निगरानी में बच्चों को दवा खिलाने का काम करेंगी। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी डीसीपीएम, बीसीपीएम, बीपीएम व बाल विकास परियोजना के अधिकारियों को भी दी गई है। आशा कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि वह बच्चों के माता–पिता या अभिभावक से साफ कटोरी मांगे और उन्हीं के सामने बच्चे को दवाई खिलाएं। किसी भी दशा में दवा बच्चों के माता पिता को दवा न दी जाए। अपने सामने ही दवा खिलाई जाए। डीईआईसी मैनेजर रवींद्र सिंह चौधरी ने बताया कि जिले के सात लाख से अधिक बच्चों को दवा खिलाई जानी है। डीसीपीएम धमेंद्र ने बताया कि अभियान में ग्रामीण क्षेत्र की 1181 व शहरी क्षेत्र की 45 आशा कार्यकर्ता,आंगनबाड़ी के साथ दवा खिलाएंगी और एएनएम, सीएचओ इसकी रोजाना मानीटरिंग करेंगी।

तेजी से बढ़ रहा गंगा–यमुना का जलस्तर

प्रयागराज। संगम क्षेत्र में बने शास्त्री ब्रिज के आधा पिलर डूब गए हैं। संगम नगरी में गंगा और यमुना का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। जलस्तर बढ़ने से दोनों नदियों के किनारे की बस्तियों में खलबली मच गई है। शुक्रवार को गंगा यमुना के जलस्तर में 2 से 2.30 सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से जलस्तर वृद्धि हो रही है। नैनी के अरैल इलाके में गंगा– यमुना पर बने दो पक्के घाटों की सीढ़ियां डूबने लगी हैं। फाफामऊ में गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाटों पर कटान शुरू हो गई है। यही हाल झूंसी के छतनाग और दारागंज इलाकों का भी है। इसबीच संगम क्षेत्र को तीर्थ–पुरोहितों ने छोड़ दिया है। गंगा–यमुना के जलस्तर बढ़ने से शुक्रवार सुबह से ही

संगम क्षेत्र में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। लोग अपनी दुकानें और चौकियां सुरक्षित स्थानों की ओर ले जाने में जुट गए। अभी खबरे का निशान काफी दूर प्रयागराज बाढ़ नियंत्रण कक्ष के रिकार्ड मुताबिक शुक्रवार को सुबह 8 बजे तक फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 78.63 मीटर, छतनाग में 76.5 मीटर और नैनी में यमुना का जलस्तर 76.21 मीटर रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि अभी यह जलस्तर खतरे के निशान 84.73 से काफी दूर है। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश और कानपुर, हरिद्वार, नरौरा बांध से भी लगातार पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। लगातार बढ़ रहे जलस्तर से नदी किनारे बोई गईं फसलें डूब चुकी हैं। इनमें सब्जी प्रमुख रूप से शामिल है। अगले तीन चार दिनों तक बारिश होने के आसार इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के एसोसिएट प्रोफसर अश्वजीत चौधरी ने बताया कि अगले तीन से चार दिन तक प्रतिदिन बारिश की संभावना है। प्रयागराज समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसका असर नजर आएगा। बारिश के साथ ही वायुदाब में भी गिरावट होगी। गुरुवार को तापमान अधिकतम 29.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जलस्तर एक नजर में फाफामऊ–78.61 छतनाग–75.60 नैनी–76.19 खबरे का निशान–84.73

मौसम विज्ञानियों ने आज से लेकर अगले दो दिन तक जोरदार बारिश का जताया अनुमान

कानपुर। उत्तर प्रदेश में मौसम तेजी से बदल रहा है। कानपुर में गुरुवार को दिन में ज्यादा बारिश नहीं हुई, लेकिन रात होते ही मौसम ने अचानक से करवट ली। रात में 8 से 10 बजे तक लगातार 2 घंटे तक झमाझम बारिश हुई। शुक्रवार के दिन भी में सुबह में हल्की बूंदाबांदी हुई। जिसकी वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम ठंडा बना हुआ है। आसमान में घने काले बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञानियों ने अगले 2 दिन तेज मूसलाधार बारिश की संभावना जताई है। बारिश के साथ गिर सकती है बिजली पिछले दो दिन से हो रही बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग ने आज से अगले दिनों तक तेज बारिश के साथ बिजली गिरने और हवा चलने की संभावना जताई है। इसके साथ ही अभी कुछ दिन तक बदली और बारिश का सिलसिला जारी रहने की भी बात कही है। बारिश से बढ़ी ठंड बारिश की वजह से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। तापमान गिरने से गर्मी के मौसम में ठंड महसूस हो रही है। लोगों ने घरों में कूलर और एसी पूरी तरह से बंद कर दिया है। हालांकि 2 दिन से धूप नहीं निकलने से लोगों को कपड़े सुखाने में भी काफी परेशानी हो रही है। जलभराव से आवागमन में दिक्कत गुरुवार देर रात हुई झमाझम बारिश से कई एरियाज में जलभराव हो गया। पनकी मेन बाजार, विजय नगर, परेड चौराहा, नवीन मार्केट, गोविंद नगर, सर्वोदय नगर, गल्ला मंडी चौराहा, जूही पुल समेत दर्जनों जगहों पर जलभराव हुआ। इससे जाम की स्थिति भी बनी रही। मौसम वैज्ञानिक बोले–किसानों के लिए बारिश अच्छी शहर में बीते 2 दिनों से दिन और रात में हुई तेज बारिश से सड़कें और कई इलाके डूब गए हैं। कई स्थानों पर जलभराव की वजह से लोगों को तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में शहरी क्षेत्रों में लोग बारिश थमने का इंतजार करने लगे हैं। वहीं दूसरी तरफ किसान पानी को देखकर काफी खुश हैं। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि शुक्रवार से फिर से मूसलाधार बारिश का अनुमान है।

कानपुर कमिश्नर ने दरोगा की गाड़ी का चालान काटा

कानपुर। कानपुर के नौबस्ता थाने के दरोगा की कार का पुलिस कमिश्नर असीम अरुण ने खुद चालान कटवा दिया। दरोगा बगैर नंबर प्लेट की कार से फर्राटा भर रहे थे। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन देखते ही पुलिस कमिश्नर ने उनके चालान के आदेश दे दिए। नंबर प्लेट नहीं लगाने पर उनकी कार का पांच हजार का चालान काटा गया। पुलिस का लोगो लगवाया, नंबर प्लेट गायब मामला नौबस्ता थाने का है। यहां तैनात दरोगा महेंद्र सिंह ने हाल ही में नई कार खरीदी है। बताया जा रहा है कि नौबस्ता बंबा पर गुरुवार को वह राज्यपाल की टप्ष ड्यूटी में तैनात थे। इसी दौरान पुलिस कमिश्नर असीम अरुण ने बगैर नंबर और पुलिस का लोगो लगी कार खड़ी देखी। कमिश्नर ने पूछा कि यह कार किसकी है। दरोगा की कार पता चलते ही, उन्होंने सख्ती से कहा कि पुलिस का लोगो लगवाने के लिए टाइम है। मगर नंबर प्लेट नहीं लग सकी। कमिश्नर के आदेश पर नौबस्ता थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने दरोगा का 5 हजार का चालान कर दिया। नियमों के रखवाले खुद कर रहे उल्लंघन पुलिस कमिश्नर असीम अरुण ने बताया कि अगर ट्रैफिक नियमों का पालन कराने वाले ही उल्लंघन करेंगे तो जनता कैसे करेगी। हम सभी को ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। अगर कोई पुलिसकर्मी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते मिला तो मुरव्वत करने की बजाए उसका चालान जरूर करें। दरोगा बोले नंबर प्लेट बनने गई है कार में नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर दरोगा महेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी 10 दिन पहले ही उन्होंने नई कार खरीदी है। नंबर प्लेट बनने के लिए दी गई है। चालान कटने के बाद उन्होंने कहा कि अब नंबर प्लेट लगवाने के बाद ही गाड़ी चलाएंगे। उन्होंने अपनी गलती को स्वीकार भी किया। बगैर नंबर प्लेट के शोरूम से कैसे निकली कार...? परिवहन विभाग के नियमों के मुताबिक, गाड़ी का रजिस्ट्रेशन होने के बाद ही शोरूम से बाहर निकलती है। इसके साथ ही गाड़ी में अब हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट कंपनी या शोरूम मालिक लगाकर देते हैं। इसके बाद भी दरोगा की कार में नंबर प्लेट का नहीं होना एक बड़ा सवाल है। इन सब बातों को दरोगा भी जवाब नहीं दे सके और टाल–मटोल करते रहे।

संक्षिप्त समाचार

पंचायत प्रतिनिधियों का स्वागत, सम्मान और सुरक्षा का वादा

उरई/जलौन,(यूएनएस)। विकासखंड रामपुरा के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ब्लाक प्रमुख का भाजपा ने स्वागत कर उनके सम्मान व सुरक्षा का वादा किया। पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय के सभागार में भाजपा मंडल रामपुरा द्वारा नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान एवं 45 क्षेत्र पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर का स्वागत किया गया। भाजपा मंडल रामपुरा अध्यक्ष प्रमोद कठेरिया की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह बनाजी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी, विधायक मूलचंद्र निरंजन की उपस्थिति में ब्लाक के सभी 44 प्रधान एवं 45 क्षेत्र पंचायत सदस्यों का पुष्पमाला एवं भाजपा की वस्त्र पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया एवं उनके विजयी होने पर शुभकामनाएं दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी ने कहा सभी प्रधान एवं बीडीसी सदस्य पूर्वाग्रह के बगैर विकास कार्यों को गति दें। इसके लिए जिला पंचायत एवं भाजपा सरकार उनकी आवश्यकता पूरी करेगी। विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधियों को अपने गांव में विकास कार्य करके जनता के विश्वास को जीतना है विकास कार्यों के लिए उनकी जहां आवश्यकता हो वह सहयोग करेंगे। नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विकास कार्यों में प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा क्षेत्र के अन्य सम्मानित लोगों का मशविरा लिया जाएगा। इस दौरान बृजभूषण सिंह मुन्नू, सुनील शर्मा, बटेश्वर पाल, ज्योतिष सिंह,महेश सिंह राजावत, सतेंद्र सिंह डिकोली, शैलेंद्र सिंह, अनिरुद्ध द्विवेदी, मोहकम सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।

जिले के 9 ब्लाकों में बनेंगे 151 खेल मैदान

उरई/जलौन,(यूएनएस)। टोक्यो ओलंपिक में पहले दिन मिली जीत से देश में खेल के प्रति उत्साह बढ़ा है। सरकार व अधिकारी अब खेलों को लेकर गंभीर दिख रहे है। इसकी नजीर जिले में देखने को मिल रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले 151 खेल मैदानों को बनाने की तैयारी तेज हो गई है। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों व बीडीओ को प्रस्ताव व जगह चिंहित करने के निर्देश दिए है। बताया कि इन खेल मैदानों को हाईटेक सुविधाओं से लेस किया जाएगा। बताते चलें कि हाल ही में टोक्यो ओलंपिक में भारतीय महिला खिलाड़ी मीराबाई चानू ने रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। इससे देशभर में एक खेल का माहौल बना है। अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक सभी खेलों को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा कर रहे है। इस चर्चा में जिला प्रशासन ने एक कदम बढ़ाते हुए जिले में खेल के लिए न सिर्फ माहौल देने की तैयारी की है। बल्कि खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए ग्राम स्तर पर संसाधन उपलब्ध कराने जा रहा है। डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि जिले में खोलों को बढ़ावा देने के लिए 151 खेल मैदानों का निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण को मनरेगा व राज्य वित्त आयोग के पैसे से कराया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मैदानों में जिम, खेल का सामना व अन्य उपकरण लगाए जाए। ताकि ग्राम स्तर पर खिलाड़ियों को सुविधाएं मुहैया कराई जा सके।

वेब वार्ता का आयोजन

अलीगढ़,(यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सेंटर फार प्रोमोशन आफ एजूकेशनल एण्ड कल्चरल एडवांसमेंट आफ मुस्लिम्स आफ इंडिया के तत्वाधान में 'प्लानिंग फार योर फ्यूचरः फ्राम मदरसा टू माडर्न एजुकेशन' विषय पर आयोजित एक वेब टाक में पारंपरिक और आधुनिक शिक्षा के बीच की खाई को पाटने और मदरसा छात्रों को आधुनिक समय के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने पर विचार–विमर्श किया गया। रिसोर्स पर्सन, एएमयू के पूर्व छात्र डा सआदत एम अलहाशमी (शारजाह विश्वविद्यालय, संयुक्त अरब अमीरात) ने छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें करियर के विषय में सावधानी से निर्णय लेने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भूगोल, गणित, कंप्यूटर विज्ञान, अंग्रेजी भाषा और साहित्य, और अन्य नियमित विषयों के साथ आधुनिक पाठ्यक्रम का अध्ययन करके रोजगार के अवसरों के लिये स्वयं को अधिकाधिक तैयार करने के महत्व पर प्रकाश डाला। डा नसीम अहमद खान (निदेशक, सीईपीईसीएएमआई) ने स्वागत भाषण दिया। जबकि डा खुर्शीद आलम ने अतिथि वक्ता का परिचय दिया और डा फरहीन अंजुम ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। कार्यक्रम का संचालन एम राशिद अकील ने किया।

अर्थ ओवरशूट दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

अलीगढ़,(यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अब्दुल्ला स्कूल में 'अर्थ ओवरशूट डे' मनाया गया, जिसमें छात्रों ने पोस्टर निर्माण् प्रतियोगिता में भाग लिया और वातावरण में कार्बन डाइआक्साइड के संचय के साथ ही संसाधनों के स्टाक को कम करके प्रकृति को समाप्त करने के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाई।अब्दुल्ला स्कूल की अधीक्षक सुश्री उमरा जहीर ने छात्रों को संरक्षण, सतत विकास और प्रकृति पर बोझ को कम करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने के महत्व के बारे में बताया।

जलाधिकारी की अध्यक्षता में आज होगी जनपदीय खरीफ कृषि उत्पादकता गोष्ठी

कानपुर देहात, (यूएनएस)। जनपदीय खरीफ कृषि उत्पादकता गोष्ठी 2021–22 कृषक मेला का आयोजन जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 30 जुलाई 2021 को प्रातः 10 बजे सामुदायिक भवन, ईको पार्क, माती में होगा।उपरोक्त जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने बताया कि खरीफ उत्पादकता गोष्ठी में कृषकों को फसलों से सम्बन्धित कृषि वैज्ञानिकों द्वारा नवीन तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी तथा उनकी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। फसलों के अवशेष प्रबन्धन करायी जायेगी तथा उनकी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा, फसलों के अवशेष प्रबन्धन एवं अवशेषध पराली न जलाये जाने हेतु कृषकों को जागरूक किया जायेगा। कृषि एवं अन्य सेक्टरों से सम्बन्धित सभी योजनाओं की जानकारी गोष्ठी में दी जायेगी एवं कृषि से सम्बन्धित सभी विभागों तथा निजी विक्रेताओं द्वारा कृषि निवेश, कृषकों को उपलब्ध कराने हेतु स्टाल लगाये जायेंगे, जिससे अधिक से अधिक कृषक लाभ उठा सकें, उक्त खरीफ गोष्ठी में सोशल डिस्टेसिंग के साथ एवं कोविड–19 के दृष्टिगत भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्गत गाईड लाईन के अनुसार मास्क सेनेटाईजर आदि का प्रयोग के साथ कृषि विभाग से सम्बन्धित समस्त अनुभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

दीपिका का ओलंपिक पदक जीतने का सपना फिर टूटा, क्वार्टर फाइनल में हारी

दीपिका 2016 रियो ओलंपिक में प्री क्वार्टर फाइनल में हार गई थी जबकि लंदन ओलंपिक में भी नंबर वन तीरंदाज के रूप में उतरने के बावजूद वह पहले दौर से बाहर हो गई थी। अब तीरंदाजी में भारतीय चुनौती दीपिका के पति अतनु दास के रूप में बची है।

तोक्यो। दुनिया की नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी का ओलंपिक पदक जीतने का सपना लगातार तीसरी बार टूट गया जब वह यहां क्वार्टर फाइनल में कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त अन सान से हार गई। दीपका ने चार बार सात का स्कोर किया जबकि रैंकिंग दौर में ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ शीर्ष पर रही अन ने छह मिनट के भीतर 6 . 0 से जीत दर्ज कर ली। दीपिका 2016 रियो ओलंपिक में प्री क्वार्टर फाइनल में हार गई थी जबकि लंदन ओलंपिक में भी नंबर वन तीरंदाज के रूप में उतरने के बावजूद वह पहले दौर से बाहर हो गई थी। अब तीरंदाजी में भारतीय चुनौती दीपिका के पति अतनु दास के रूप में बची है जो दो बार के ओलंपिक चौम्पियन ओह जिन हयेक को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। वह शनिवार को जापान के ताकाहारू फुरूकावा से खेलेंगे जो 2012 ओलंपिक के रजत पदक विजेता और यहां टीम कांस्य विजेता हैं। इससे पहले दीपिका ने पूर्व विश्व चौम्पियन रूसी ओलंपिक समिति की सेनिया पेरोवा को रोमांचक शूट आफ में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। पांच सेटों के बाद स्कोर 5 . 5 से बराबरी पर था। दीपिका ने दबाव का बखूबी सामना करते हुए शूटआफ में परफेक्ट 10 स्कोर किया और रियो ओलंपिक की टीम रजत पदक विजेता को हराया। एक तीर के शूटआफ में शुरूआत करते हुए रूसी तीरंदाज दबाव में आ गई और सात ही स्कोर कर सकी जबकि दीपिका ने दस स्कोर करके मुकाबला 6 . 5 से जीता। दीपिका की 2017 विश्व चौम्पियन के खिलाफ तीन मैचों में यह पहली जीत थी।

विजेंदर और मैरीकॉम ने कहा- Welcome to the club

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने लवलीना की परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा कि वे इस क्षण का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा, "हम इस खबर को सुनने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी के स्टार विजेंदर सिंह और छह बार की विश्व चौम्पियन एम सी मैरीकॉम ने लवलीना बोरगोहेन के शुक्रवार को तोक्यो खेलों में ओलंपिक पदक पक्का करने के बाद कहा, 'वेलकम टू द क्लब'। विजेंदर ने 2008 में देश को पहला ओलंपिक पदक दिलाया था जिसके बाद मैरीकॉम 2012 लंदन चरण में पोडियम स्थान हासिल करने वाली पहली महिला मुक्केबाज बनी थीं। अब ये दोनों उम्मीद कर रहे हैं कि लवलीना तोक्यो में उनसे बेहतर प्रदर्शन करे। ओलंपिक पदक दिलाने वाले भारत के पहले पुरूष मुक्केबाज विजेंदर ने लवलीना की तोक्यो में क्वार्टरफाइनल जीत के बारे में पूछने पर कहा, "वेलकम टू द क्लब (क्लब में आपका स्वागत है)।" लवलीना ने चीनी ताइपे की पूर्व विश्व चौम्पियन निएन चिन चेन को 4 – 1 से हराकर अंतिम चार चरण में क्वालीफाई किया जहां उनका सामना तुर्की की मौजूदा विश्व चौम्पियन बुसेनाज सुरमेनेली से होगा। मैरीकॉम ने तोक्यो से कहा, "हम इस पदक का इंतजार कर रहे थे, हर किसी ने इतनी मेहनत की है। मैं उसके लिये बहुत खुश हूं।" विजेंदर (35 वर्ष) लवलीना की तकनीकी रणनीति से काफी प्रभावित दिखे जिसने उन्हें एमेच्योर सर्किट पर अपना अभियान याद दिला दिया। उन्होंने कहा, "कितनी बढ़िया बाउट थी। उसकी योजना काबिले तारीफ थी। उसने दाहिने हाथ का इतना प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया, जिससे मुझे एमेच्योर सर्किट पर अपने दिन याद आ गये।" उन्होंने कहा, "उसे अगले दौर में कड़ी प्रतिद्वंद्वी से भिड़ना है लेकिन इस रणनीति के साथ वह निश्चित रूप से उसे हरा सकती है।" मैरीकॉम ने कहा, "वह हमेशा ही कम चर्चित लड़की रही है। यह पदक उसके लिये जश्न का मौका है।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने आयरलैंड को हराया, क्वार्टर फाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार

भारतीय महिला हॉकी टीम ने आयरलैंड को हराकर उम्मीदें कायम रखी है ।भारत को शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच जीतने के साथ गोल औसत भी बेहतर रखना होगा। इसके साथ ही उन्हें दुआ करनी होगी कि शनिवार को ब्रिटेन की टीम आयरलैंड को हरा दे।

तोक्यो। पहले तीन मैच में करारी हार के बाद आखिरी मिनटों में नवनीत कौर के गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने आयरलैंड को 1 . 0 से हराकर तोक्यो ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रखीं। नवनीत ने मैच का एकमात्र गोल 57वें मिनट में किया ।इससे पहले भारत को मिले 14 पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। भारत को तीन मैचों में भारत को दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड ने 5 . 1 से, जर्मनी ने 2 . 0 और गत चौम्पियन ब्रिटेन ने 4 . 1 से हराया। भारत को शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच जीतने के साथ गोल औसत भी बेहतर रखना होगा। इसके साथ ही उन्हें दुआ करनी होगी कि शनिवार को ब्रिटेन की टीम आयरलैंड को हरा दे।

सेंसेक्स 209 अंक मजबूत, निफ्टी 15,750 के ऊपर बंद

मुंबई। शेयर बाजारों में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 209 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी के बीच बाजार में मजबूती आयी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 209.36 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,653.07 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, एनएसई निफ्टी 69.05 अंक यानी 0.44 प्रतिशत मजबूत होकर 15,778.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील सर्वाधिक करीब सात प्रतिशत लाभ में रहा। इसके अलावा, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, एचसीएल टेक, सन फार्मा, बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ, मारुति, पावरग्रिड, बजाज ऑटो और आईटीसी समेत अन्य शेयरों में गिरावट रही। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी ने कहा, "सकारात्मक वैश्विक रुख और धातु तथा आईटी शेयरों में मजबूत लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।" उन्होंने कहा कि इसके अलावा कुछ प्रमुख शेयरों में सौदों को पूरा करने के लिये की गयी लिवाली से भी तेजी को समर्थन मिला। वाहन, दैनिक उपयोग का सामान बनाने से जुड़ी कंपनियों और दवा कंपनियों के शेयरों में नरमी रही। ज्यादातर खंडवार सूचकांक लाभ में रहें। हाल की गिरावट के बाद मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की गयी। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई, हांगकांग, तोक्यो और सियोल लाभ में रहें। यूरोप के प्रमुख बाजारों में मध्याह्न कारोबार में सकारात्मक रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय कच्चा तेल बाार में ब्रेंट क्रूड 0.43 प्रतिशत मजबूत होकर 74.19 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

जीएसटी के ढांचे को युक्तिसंगत बनाना सरकार के एजेंडे में: मुख्य आर्थिक सलाहकार

नयी दिल्ली। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) के वी सुब्रमणियम ने बृहस्पतिवार को कहा कि जीएसटी दरों के ढांचे को युक्तिसंगत बनाना सरकार के एजेंडे में है और निश्चित रूप से यह होने जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां तक जीएसटी का सवाल है तीन दरों वाला ढांचा काफी महत्वपूर्ण है और उल्टे शुल्क ढांचे (तैयार उत्पादों के मुकाबले कच्चे माल पर अधिक आयात शुल्क) को भी ठीक करने की जरूरत है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) जुलाई 2017 में अमल में आया। इसमें उत्पाद शुल्क, सेवा कर और वैट समेत एक दर्जन से अधिक केंद्रीय और राज्य करों को समाहित किया गया है। फिलहाल इस कर व्यवस्था में पांच दरें...0.25 प्रतिशत, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत.. . हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या जीएसटी के तहत दरों की संरचना को युक्तिसंगत करने की जरूरत है, सुब्रमणियत ने कहा, "मुझे लगता है कि यह निश्चित रूप से होने जा रहा है। मूल योजना तीन–दरों वाली संरचना की थी...।" ज्यादातर आम उपयोग की वस्तुओं को जीएसटी से छूट दी गयी है जबकि विलास और समाजध स्वास्थ्य की दृष्टि से अहितकर वस्तुओं पर दर सर्वोच्च 28 प्रतिशत है। उद्योग मंडल एसोचौम के 'ऑनलाइन' आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा, "जीएसटी, जिस तरह से वास्तव में पांच दरों के साथ बनाया गया था, मूल रूप से उत्कृष्ट था क्योंकि अब हम जीएसटी के तहत प्राप्त राशि पर उसका प्रभाव देख रहे हैं . .. नीति निर्माताओं को वास्तव में व्यावहारिक होने के लिए श्रेय दिया जाना चाहिए...। सीईए ने कहा, "तीन स्तरीय ढांचा निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है और उल्टा शुल्क ढांचा भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जिसे ठीक करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि सरकार की इस पर नजर है और जल्द ही इस संबंध में कुछ देखने को मिल सकता है।" उल्लेखनीय है कि आठ महीनों में पहली बार जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रुपये से नीचे रहा। इसका कारण कोविड महामारी की दूसरी लहर और उसकी रोकथाम के लिये विभिन्न राज्यों में लगायी गयी पाबंदियां थी। इससे कारोबार और अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा। इस दौरान जीएसटी संग्रह 92,849 करोड़ रुपये रहा जो 10 महीने अगस्त 2020 के बाद सबसे कम है जबकि यह 86,449 करोड़ रुपये था। सुब्रमणियम ने अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिये वित्तीय क्षेत्र के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि भारत को वैश्विक आकार के और बैंकों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन बैंक क्षेत्र में इस स्तर के हिसाब से अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। घरेलू स्तर पर कुछ बैंक बड़े हो सकते हैं लेकिन यह वैश्विक स्तर पर शीर्ष 50 की सूची में शामिल होने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 100 बैंकों की वैश्विक सूची में एकमात्र घरेलू बैंक है, जो 55वें स्थान पर है। सूची में चीन के 18 बैंक जबकि अमेरिका के 12 बैंक हैं। इस अवसर पर सेबी के पूर्णकालिक सदस्य जी महालिंगम ने कहा कि 'क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप' (सीडीएस) यानी कर्ज चूक अदला–बदली बाजार विकसित करने से कॉरपोरेट ऋण बाजार को मजबूत करने में मदद मिल सकती है।'क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप' बाजार एक ऐसा वित्तीय डेरिवेटिव या अनुबंध वाला बाजार है जिसमें निवेशकों को अपने कर्ज जोखिम को दूसरे निवेशक से बदलने की अनुमति होती है।

संक्षिप्त

ओलंपिक में बढ़ रहे कोरोना के मामले, आपात स्थिति बढ़ायेगा जापान सरकार

तोक्यो। ओलंपिक की मेजबानी के दौरान कोविड–19 संक्रमण के रिकार्ड मामलों के बाद जापान शुक्रवार को तोक्यो के पड़ोसी प्रांतों में आपात स्थिति को बढ़ाने के लिये तैयार है। सरकार के एक पैनल ने साईटामा, कानागावा और चिबा तथा ओसाका में सोमवार से आपात स्थिति 31 अगस्त तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। तोक्यो में पहले ही कोरोना आपातकाल लगा हुआ है और अगस्त के अंत तक ओकिनावा में भी इस आपात स्थिति को बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा शुक्रवार को आधिकारिक रूप से आपात स्थिति बढ़ाने की घोषणा करने वाले हैं। पांच अन्य क्षेत्र होकाइडो, क्योतो, हयोगो ओर फुकुओवा में आपात पाबंदियां इतनी कड़ी नहीं होंगी।

हाजिर मांग से सोना वायदा भाव चढ़ा

नयी दिल्ली। हाजिर मांग बढ़ने से स्थानीय वायदा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना वायदा भाव 330 रुपये बढ़कर 48,044 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। हाजिर बाजार में मांग ऊंची रहने से सटोरियों ने वायदा बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत किया जिससे भाव में तेजी आ गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर माह के सोने के वायदा अनुबंध का डिलीवरी भाव 330 रुपये यानी 0.69 प्रतिशत बढ़कर 48,044 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इस वायदा अनुबंध में 11,940 लॉट के लिये कारोबार किया गया। विश्लेषकों का मानना है कि सटोरियों की ताजा सौदेबाजी से सोना वायदा भाव में तेजी का रुख बना है। वहीं, न्यूयार्क में सोने का भाव 0.96 प्रतिशत ऊंचा रहकर 1,822 डालर प्रति औंस पर रहा।

पंजाब एंड सिंध बैंक को पहली तिमाही में 174 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने गुरुवार को बताया कि 30 जून 2021 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसने 173.85 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया।बैंक को एक साल पहले इसी अवधि में 116.89 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। बैंक ने मार्च 2021 की तिमाही में 160.79 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हासिल किया था। पंजाब एंड सिंध बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 2,039.61 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,954.39 करोड़ रुपये थी। खराब ऋणों और आकस्मिक जरूरतों के लिए किया गया प्रावधान समीक्षाधीन अवधि में घटकर 77.30 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले साल की इसी अवधि में 382.56 करोड़ रुपये था। बैंक ने बताया कि जून तिमाही में उसका एनपीए या खराब ऋण एक साल पहले के 14.34 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 13.33 प्रतिशत रह गया।

टाटा मोटर्स ने की ऐस ट्रिम की पेशकश, आरंभिक कीमत 3.99 लाख रुपये

नयी दिल्ली। टाटा मोटर्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने अपने छोटे वाणिज्यिक वाहन (एससीवी), ऐस गोल्ड पेट्रोल सीएक्स का एक नया संस्करण पेश किया है, जिसकी कीमत 3.99 लाख रुपये (एक्स–शोरूम) से शुरू होती है। यह दो संस्करणों में उपलब्ध है। फ्लैट बेड संस्करण की कीमत 3.99 लाख रुपये है, जबकि हाफ डेक लोड बॉडी संस्करण की कीमत 4.10 लाख रुपये है। टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने अपने ग्राहकों को इन मॉडलों की खरीद में मदद के लिए वित्तपोषण का विकल्प प्रदान करने के मकसद से भारतीय स्टेट बैंक के साथ साझेदारी की है। टाटा मोटर्स के उपाध्यक्ष (उत्पाद लाइन – एससीवी और पीयू) विनय पाठक ने कहा, ष्टाटा ऐस एक मजबूत, विश्वसनीय और बहुउद्देशीय वाहन बना हुआ है, जिसने अब तक 23 लाख से अधिक भारतीयों को आजीविका का साधन प्रदान किया है। सरकार की आत्मानिर्भर भारत दृष्टि को प्रतिध्वनित करते हुए, टाटा मोटर्स का लक्ष्य इस वाहन के लॉन्च के माध्यम से एक उद्यमशीलता की मानसिकता को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि टाटा मोटर्स का ऐस प्लेटफॉर्म पिछले 16 वर्षों में तेजी से विकसित हुआ है, जो अपने ग्राहकों को अंतिम छोर तक परिवहन सुविधा प्रदान करने के संदर्भ में सुरक्षित, स्मार्ट और मूल्यवान पेशकश लाने पर केंद्रित है। कंपनी ने कहा कि टाटा ऐस गोल्ड पेट्रोल सीएक्स संस्करण एकमात्र चार–पहिया एससीवी है जो 2–सिलेंडर इंजन द्वारा संचालित है और भारत में इस वाहन का वजन 1.5 टन के आसपास है जो चार लाख रुपये मूल्य बिंदु से नीचे में उपलब्ध है। मॉडल 694 सीसी पेट्रोल इंजन द्वारा संचालित है जो चार–स्पीड ट्रांसमिशन के साथ है। इसका उपयोग फलों, सब्जियों और कृषि उत्पादों, पेय पदार्थों और बोतलों, एफएमसीजी और एफएमसीडी सामान, ई–कॉमर्स, डेयरी, फार्मा और खाद्य उत्पादों अंतिम गंतव्य तक पहुंचाने के लिए किया जा सकता है। टाटा मोटर्स ने अब तक देश में कुल 23 लाख टाटा ऐस इकाई की बिक्री की है।

विंडलास बायोटेक का आईपीओ चार अगस्त को खुलेगा, कीमत 448-460 रुपये प्रति शेयर तय

नयी दिल्ली। दवा कंपनी विंडलास बायोटेक ने गुरुवार को कहा कि उसने अपने आईपीओ के लिए कीमत 448–460 रुपये प्रति शेयर तय की है। विंडलास बायोटेक ने कहा कि कंपनी का तीन दिवसीय आईपीओ (प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश) चार अगस्त को खुलेगा और छह अगस्त को बंद होगा। आईपीओ के तहत 165 करोड़ रुपये के ताजा इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि इसमें 5,142,067 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। कीमत के ऊपरी दायरे पर आईपीओ से कंपनी 401.53 करोड़ रुपये जुटाएगी।

सम्पादकीय........

भारतीय भाषाओं के लिए पहल

एक साल पहले 29 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नयी शिक्षा नीति को मंजूरी दी थी. शिक्षा ऐसा विषय है, जिसमें रातों–रात परिवर्तन होना मुश्किल है. लेकिन, अगर लागू करनेवाले प्राधिकारियों में इच्छाशक्ति हो, तो बदलाव बहुत कठिन भी नहीं होता. बीते बारह महीनों में नयी शिक्षा नीति के हिसाब से कई परिवर्तनों की आधारशिला रखी गयी है. बदलाव की यह बयार आनेवाले दिनों में उस सोच को रूपायित करेगी, जिसकी कल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति में की गयी है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में भारतीय भाषाओं की अहमियत को स्वीकार किया गया है. भारतीय शिक्षण और सोच के स्तर पर मातृभाषाओं की कमी को ना सिर्फ गहराई से महसूस किया गया, बल्कि भाषा के सामर्थ्य को समझते हुए नयी सोच देने की कवायद शुरू की गयी. मैकाले की शिक्षा पद्धति से भारतीय भाषाएं लगातार पिछड़ती चली गयीं. शिक्षाशास्त्रियों के उस विचार को भी भारतीय शिक्षण व्यवस्था में तिलांजलि दी जाती रही, जिसके मुताबिक बच्चा मातृभाषा में बेहतर सीख सकता है. वर्ष 1991 की जनगणना के भाषा खंड की भूमिका में भी कहा गया– 'भाषा आत्मा का वह रक्त है, जिसमें विचार प्रवाहित होते और पनपते हैं.'इसके बावजूद भारतीय भाषाओं को उच्च शिक्षा का माध्यम बनाने की बात तो दूर, प्राथमिक शिक्षा में भी इसे साजिशन दूर रखा गया. नयी शिक्षा नीति ने इस परिपाटी को बदल दिया है. उसने न सिर्फ किशोरावस्था तक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा को बनाने पर जोर दिया, बल्कि मातृभाषाओं में तकनीकी शिक्षा को भी बढ़ावा देने की राह खोली.अतीत में तकनीकी शिक्षा को मातृभाषाओं में देने का विचार सामने आने पर जोरदार विरोध होता था. कहा जाता था कि तकनीक का माध्यम अंग्रेजी ही हो सकती है. जबकि तकनीक और आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित जर्मनी और जापान जैसे देशों में पढ़ाई और शोध अपनी भाषाओं में ही होता है. नयी शिक्षा नीति के तहत अब भारत में भी इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी समेत अन्य भारतीय भाषाओं में शुरू करने की तैयारी हो चुकी है. बीते 17 जुलाई को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद यानी एआइसीटीई ने हिंदी, बांग्ला, मराठी, मलयालम समेत 11 भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराये जाने को मंजूरी दी है. मेडिकल के दाखिले के लिए होनेवाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट भी 13 भारतीय भाषाओं में कराये जाने का फैसला लिया गया है. मेडिकल और इंजीनियरिंग की अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई के चलते भारतीय भाषाओं में पढ़ाई करके आये बच्चों का तनाव बढ़ जाता था. उनका मजाक तक उड़ाया जाने लगता था. हताशा में कुछ बच्चों ने अपनी जान तक दे दी थी. नयी शिक्षा नीति ने भारतीय भाषाओं को उच्च शिक्षा का माध्यम बनाने की जो रूपरेखा रखी है, उसके मुताबिक एआइसीटीई और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया का आगे बढ़ना मामूली बात नहीं है. शिक्षा नीति में पहली बार शिक्षा में न सिर्फ भाषा, बल्कि उनके शिक्षण पर भी जोर दिया गया. शिक्षा में मूल्य बोध, व्यापक दृष्टिकोण और सृजनात्मक कल्पना का भी साधन भाषा को ही माना गया है. कई विश्वविद्यालयों ने पाठ्यक्रमों के भाषायी विस्तार हेतु अनुवाद के लिए अलग से विभाग बनाने शुरू कर दिये हैं. साथ ही कई विश्वविद्यालयों ने भले ही पढ़ाई का माध्यम मातृभाषाओं में शुरू नहीं किया है, लेकिन छात्रों को परीक्षा में दो भाषाओं में उत्तर लिखने की अनुमति दे दी है।

आज का राशिफल

मेष :– सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य एवं नये कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरते।

बृषभ :– सामाजिक संबंधों में ब्यस्तता बढ़ेगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

मिथुन :– कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओ को सकार करने से पूर्व गहन सोच–विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। घर में खुशहाली रहेगी।

कर्क :– महत्वपूर्ण कायरें की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओ पर भरोसा रख महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अवसर प्रदान करेगी।

सिंह :– अपने पद एवं मर्यादा ख्याल रखते हुए उच्छृंखल मन को नियंत्रित करें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

कन्या :– कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

तुला :– निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनो के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

वृश्चिकः– नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य मिलेगा। शिक्षा–प्रतियोगिता की दिशा में मन उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति खुश रखेगी।

धनु :– वाक्यपटुता एवं व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

मकर :– कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतरू इसमें सुधार लायें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

कुंभ :– नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। घर–परिवार में वातावरण उत्साहित होगा।

मीन :– नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयास करें।

घनिष्ठ होते भारत–अमेरिका संबंध

अनिल त्रिगुणायत

> *तो, चीन की मीडिया तो वह कहेगा ही, जो कह रहा है और अमेरिकी नीति भी चीन को नियंत्रित करने की है. इस संबंध में अमेरिका की ओर से लगातार बयान भी आये हैं. राष्ट्रपति ट्रंप के समय तो स्थिति बहुत बिगड़ गयी थी, पर मुझे लगता है कि चीन के संदर्भ में बाइडेन प्रशासन संभवतरू प्रतिस्पर्द्धा और सहयोग की नीति पर अग्रसर है, ताकि संबंध टूट न जाएं. यह अब तक एक प्रकार से चीन के प्रति भारत की नीति भी रही है. कुछ दिन पहले अमेरिकी उप विदेश सचिव ने चीन की यात्रा की है. बड़ी शक्तियों के बीच ऐसा चलता रहता है. अमेरिका और चीन दोनों ही यह नहीं चाहते हैं कि दोनों देशों के बीच संवादहीनता की स्थिति पैदा हो. भारत दौरे में ब्लिंकेन का यह कहना कि क्वाड एक सैन्य गठबंधन नहीं है।*

अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकेन के भारत दौरे का पहला मकसद अफगानिस्तान की बदलती परिस्थिति से संबद्ध था कि भारत इस मसले से जुड़ा रहे. भारत भी अफगानिस्तान को लेकर चिंतित है. अमेरिका के साथ भारत ने भी अफगानिस्तान के विकास और सुरक्षा व्यवस्था की बेहतरी में बहुत योगदान दिया है. अमेरिका यह जानना–समझना चाहता है कि उसके वहां से हटने के बाद भारत आगे क्या भूमिका निभा सकता है.इस दौरे का दूसरा अहम मुद्दा हिंद–प्रशांत क्षेत्र में चार देशों– अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया– का समूह क्वाड था. इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता अमेरिका की प्रमुख चिंताओं में है. उल्लेखनीय है कि ब्लिंकेन ने इस यात्रा में यह भी स्पष्ट किया है कि क्वाड कोई सैन्य गठबंधन नहीं है. पहली बार यह स्पष्टीकरण अमेरिका की ओर से दिया गया है. इस संबंध में बाइडेन प्रशासन का रुख ट्रंप प्रशासन से बिल्कुल अलग है.मुझे लगता है कि क्वाड को लेकर बाइडेन प्रशासन की नीति का विस्तार हो रहा है. जहां तक भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों की बात है, तो अमेरिकी विदेश सचिव का यह कहना महत्वपूर्ण है कि दुनिया में ऐसा और कोई देश नहीं है, जिसके साथ हमारे संबंध भारत जैसे घनिष्ठ हों. पिछले ढाई दशक से अमेरिका विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिश में है. इसके अलावा कोरोना महामारी की बड़ी चुनौती से निबटने की रणनीति भी इस यात्रा का अहम विषय थी.जब अमेरिकी विदेश सचिव भारत के दौरे पर थे, उसी समय तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल मुल्ला बरादर के नेतृत्व में चीन के विदेश मंत्री से मुलाकात कर रहा था. यह एक अहम घटना है और इसके बारे में भी चर्चा जरूर हुई होगी. हालांकि इस मुलाकात पर ब्लिंकेन ने यह कहा है कि चीन और अन्य क्षेत्रीय शक्तियां जब तक रचनात्मक भूमिका निभा रही हैं, उनका स्वागत है, लेकिन भारत के लिए अफगानिस्तान से जुड़ी घटनाएं रणनीतिक चुनौती बनती जा रही हैं. बहरहाल, विदेश सचिव के रूप में ब्लिंकेन का यह पहला भारत दौरा था, लेकिन हाल में अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन और राष्ट्रपति बाइडेन के जलवायु परिवर्तन पर विशेष दूत जॉन केरी भारत की यात्रा कर चुके हैं. इन सभी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात भी हुई है और उनकी अमेरिका यात्रा की बात भी चल रही है. यह यात्रा संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के हवाले से या द्विपक्षीय भी हो सकती है या क्वाड देशों के नेता आमने–सामने भी बैठ सकते हैं. अमेरिकी विदेश सचिव के दौरे से चीनी मीडिया की असहजता की जहां तक बात है, तो हमें समझना चाहिए कि दलाई लामा से अमेरिका की सहानुभूति कोई नहीं बात नहीं है. तिब्बत की निर्वासित सरकार को अमेरिका व्हाइट हाउस में भी आमंत्रित कर चुका है. जब ब्लिंकेन ने सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की, तो उसमें तिब्बत हाउस के प्रमुख ने भी भागीदारी की. इसे एक सांकेतिक मुलाकात माना जाना चाहिए. किसी भी समय ब्लिंकेन ने चीन का नाम नहीं लिया और उनके विभाग की ओर से यह कहा भी गया कि यह बैठक किसी देश के विरुद्ध नहीं थी. तो, चीन की मीडिया तो वह कहेगा ही, जो कह रहा है और अमेरिकी नीति भी चीन को नियंत्रित करने की है. इस संबंध में अमेरिका की ओर से लगातार बयान भी आये हैं. राष्ट्रपति ट्रंप के समय तो स्थिति बहुत बिगड़ गयी थी, पर मुझे लगता है कि चीन के संदर्भ में बाइडेन प्रशासन संभवतरू प्रतिस्पर्द्धा और सहयोग की नीति पर अग्रसर है, ताकि संबंध टूट न जाएं. यह अब तक एक प्रकार से चीन के प्रति भारत की नीति भी रही है. कुछ दिन पहले अमेरिकी उप विदेश सचिव ने चीन की यात्रा की है. बड़ी शक्तियों के बीच ऐसा चलता रहता है. अमेरिका और चीन दोनों ही यह नहीं चाहते हैं कि दोनों देशों के बीच संवादहीनता की स्थिति पैदा हो. भारत दौरे में ब्लिंकेन का यह कहना कि क्वाड एक सैन्य गठबंधन नहीं है, मुझे लगता है कि यह एक तरह से चीन को आश्वस्त करने की कोशिश है. इस यात्रा में पाकिस्तान पर व्यापक चर्चा अवश्य हुई होगी. चाहे अफगानिस्तान हो या भारत हो, पाकिस्तान की भूमिका बेहद नकारात्मक और खतरनाक रही है. यह जरूर है कि भारत और पाकिस्तान के बीच अभी युद्धविराम की स्थिति है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि ऐसा

इसलिए है कि अभी पाकिस्तान की प्राथमिकता अफगानिस्तान है. एक प्रकार से पाकिस्तान ने कुछ अवकाश लिया है क्योंकि वह दूसरी सीमा पर व्यस्त है. दूसरी उल्लेखनीय बात यह है कि कुछ ही दिनों में पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आइएसआइ के प्रमुख अमेरिका जा रहे हैं. बीते दिनों पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी कहा था कि भारत के साथ बातचीत होनी चाहिए, लेकिन उन्होंने बातचीत की जो शर्तें रखी हैं, वे बेहद मूर्खतापूर्ण हैं. मुझे नहीं लगता है कि दोनों देशों के बीच बातचीत की संभावना अभी है. अभी दुशांबे बैठक में हमारे विदेश मंत्री भी थे और पाकिस्तान के भी. शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भी दोनों देशों के रक्षा मंत्री मौजूद थे. अगर पाकिस्तान भारत के विरुद्ध आतंकवाद का सहारा लेता रहेगा और कश्मीर को मुद्दा बनाता रहेगा, तो मुझे नहीं लगता है कि परस्पर संबंधों में कोई नरमी आ सकेगी. ये सब बातें भारत ने अमेरिका के सामने रखी होगी. आतंक को आर्थिक मदद देने के मामले में कार्रवाई का सामना करने से चीन जैसे मित्र देशों की मदद से पाकिस्तान हर बार बच जाता है. भारत की ओर से ब्लिंकेन के सामने यह जरूर कहा गया होगा कि आतंकवाद को आर्थिक मदद को नियंत्रित किया जाना चाहिए. इस संबंध में अफगानिस्तान का उदाहरण सबके समक्ष है और वहां आगे की विफलताओं में भी पाकिस्तान का पूरा हाथ रहेगा. जब भी बड़ी ताकतों से बातचीत होती है, तो तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होती है. भारत यह नहीं कहता कि अमेरिका या कोई और द्विपक्षीय मामलों में हस्तक्षेप करे, लेकिन सारी स्थिति से उन्हें अवगत जरूर कराया जाता है. बड़ी ताकतें यही चाहती हैं कि विवाद न बढ़े क्योंकि इससे उनकी समस्या भी बढ़ जाती है. अमेरिका हमेशा से कहता रहा है कि भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय बातचीत करनी चाहिए. ऐसे में हमारी तरफ से यह कहा जाता है कि हमारे लिए ये बातें लाल रेखा हैं और दूसरा पक्ष अगर उसका उल्लंघन करता है, तो इसे स्वीकार नहीं किया जायेगा. हम उम्मीद कर सकते हैं कि जब पाकिस्तानी प्रतिनिधि वाशिंगटन जायेंगे, तो अमेरिका उनके सामने भारत का पक्ष भी रखेगा.

चरणबद्ध तरीके से खुलें स्कूल

डॉ अंशुमान कुमार

किसी फैसले को लेकर जो भी प्रावधान बनते हैं, उनमें समस्या है कि हम विदेशों की नकल करके उन्हें लागू करना चाहते हैं. हमारे यहां यह सफल नहीं होता, क्योंकि हमारी व्यवस्था और स्थिति बिल्कुल अलग है. कुछ चीजों को छोड़ कर केंद्र सरकार की भूमिका अधिक होती है. स्वास्थ्य, राज्य का विषय है, लेकिन जब आपदा प्रबंधन अधिनियम या महामारी एक्ट लगा होता है, तब केंद्र सरकार का ही निर्णय अहम होता है.भारत आबादी और भौगोलिक तौर पर बड़ा देश है. यहां जनसंख्या घनत्व अधिक है. मुंबई और दिल्ली में जो नियम लागू होंगे, वह छोटे शहरों–कस्बों में लागू नहीं किये जा सकते. विदेशों में इतनी घनी आबादी नहीं होती. दूसरा, वहां ज्यादातर लोग वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हैं. बचपन से उनकी वैज्ञानिक सोच विकसित करायी जाती है. हमारे यहां ढंग से मास्क लगवाने के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ी. लॉकडाउन में घरों में रहने के लिए सख्ती बरतनी पड़ी. हालांकि, अमेरिका में भी विद्रोह करके लोग बीच पर जाकर पिकनिक कर रहे थे, लेकिन वह विरोध के तौर पर था. हमारे यहां अज्ञानतावश है. वैज्ञानिक तथ्यों और उपायों को प्राथमिकता देते हुए नीति बनाने की जरूरत है. वायरस विज्ञान का सिद्धांत कहता है कि आपके इलाके में एक बार वायरस आ गया, तो उसकी मौजूदगी बनी रहेगी. वह सुषुप्ता अवस्था में चला जाता है. उदाहरण के तौर पर, भारत भले ही पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन उसका वायरस मौजूद है.बच्चों को टीका देने से प्रतिरक्षा विकसित हो गयी है. भविष्य में कभी सामुदायिक

प्रतिरक्षा कम होने पर वह दोबारा सक्रिय हो सकता है. ठीक उसी तरह कोरोना वायरस रहेगा, तो क्या सारे सिस्टम को ठप करके रखा जायेगा? ऐसा संभव नहीं है. जरूरत है कि विचारपूर्वक किसी निर्णय पर पहुंचा जाए. जहां संक्रमण अधिक है, वहां स्कूल बंद रखे जाएं, लेकिन जहां संक्रमण धीमा पड़ गया है, वहां चरणबद्ध तरीके से स्कूल खोले जाएं.बड़े बच्चों के स्कूल पहले खुलें, बाद में छोटे बच्चों के स्कूल खोले जाएं. बड़े बच्चे सामाजिक दूरी, मास्क लगाने, हाथों की स्वच्छता जैसे एहतियात बरत सकते हैं. चूंकि, अगस्त और सितंबर में संक्रमण की तीसरी लहर अनुमानित है, ऐसे में अगस्त तक स्कूलों को खोलने के विचार को स्थगित कर देना चाहिए. इस अध्वधि में टीकाकरण की गति तेज कर दी जाए.जब हमारी आबादी का 80 से 85 फीसदी का टीकाकरण हो जाए, तो सभी स्कूलों को खोला जा सकता है. अभी क्षेत्रवार स्थिति को देखते हुए फैसला करने की जरूरत है. राज्यों का भी निर्णय क्षेत्र के मुताबिक अलग–अलग हो. बच्चों में हल्का संक्रमण होने पर स्थिति गंभीर नहीं होती. सीरो सर्वे में देखा गया है कि बच्चे पॉजिटिव आ रहे हैं, यानी बच्चों को संक्रमण हुआ और वे ठीक हो गये. इसका कारण है कि बच्चों में प्रतिरक्षा क्षमता अधिक होती है.बच्चों में एंटीबॉडी बन जाती है और वे जल्दी ठीक हो जाते हैं. अभी अभिभावकों में बच्चों को लेकर मनोवैज्ञानिक डर है. ब्रिटेन में देखा गया है कि बच्चों में हो रहा संक्रमण गंभीर और चिंताजनक नहीं है. हमें बच्चों को हाई वायरल लोड से बचाना है. यह मॉल, सिनेमाहॉल जैसे अति भीड़भाड़ वाले इलाकों में होता है. स्कूलों को खोलने से पहले अध्यापकों और अभिभावकों का टीकाकरण जरूरी है. इससे संक्रमण की संभावना कम हो जायेगी. कई कंपनियां बच्चों के लिए वैक्सीन का ट्रायल कर रही हैं. उम्मीद है कि जल्दी ही बच्चों के लिए भी वैक्सीन उपलब्ध होगी. अगस्त में स्कूलों को खोलना उचित नहीं है. नवंबर–दिसंबर में कुछ दिनों के लिए स्कूलों को खोला जा सकता है, फिर ठंड की छुट्टियां आ जायेंगी. इससे मौका मिल जायेगा, जिससे हालात का विश्लेषण कर सकेंगे. फिर, जनवरी से स्कूलों को दोबारा खोला जा सकेगा. स्कूल के अन्य स्टाफ को भी प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन देना जरूरी है. सितंबर तक देखना होगा कि बच्चों में संक्रमण की क्या स्थिति बनती है, उसके बाद ही कोई फैसला हो.इस मसले पर जितने भी अध्ययन हुए हैं, खासकर जब से इस बीमारी को हवा में फैलनेवाली बीमारी माना गया है, तब से यही सुझाव दिया जा रहा है कि कार्यस्थल को पूरी तरह हवादार रखा जाए. एयर कंडीशन की बजाय खिड़कियों को खुला रखा जाए. स्कूल काफी समय से बंद हैं, इसलिए उन्हें पहले सैनिटाइज किया जाए. खुले कमरे में हाई वायरल लोड नहीं आयेगा.अभी तक बच्चों को नजदीक बैठाने की व्यवस्था थी. अब बच्चों को दूर–दूर बिठाने की व्यवस्था करनी होगी. एक कमरे में यदि 50 बच्चे होते थे, तो अब 25–25 बच्चों को बिठाने की व्यवस्था हो या फिर शिफ्ट के मुताबिक बच्चों को बुलाया जाए. इससे स्कूलों में भीड़ कम होगी. साथ ही मास्क लगाने, हाथ धोने और सामाजिक दूरी बरतना, आज भी उपयुक्त है. इससे केवल कोरोनावायरस ही नहीं, अन्य बीमारियों का भी संक्रमण कम हुआ है.डायरिया, टीबी और अन्य सांसों की बीमारियां, जिन्हें आइएलआइ (इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस) कहते हैं, वे भी कम हो गयी हैं. बच्चों की फास्ट फूड की आदत छुड़वाएं, ताकि उनका प्रतिरक्षा तंत्र सामान्य हो सके. एक अमेरिकी शोध में पाया गया है कि उन बच्चों में गंभीर संक्रमण पाया गया, जो मोटे थे और जिन्हें बचपन से कोई बीमारी थी. बच्चों की जीवनशैली को सुधारने के लिए अभी से प्रयत्न करने की जरूरत है. बच्चे वजन कम करें और योग–व्यायाम करें, ताकि किसी भी बीमारी से वे खुद को बचा सकें. माता–पिता ज्यादा घबराएं नहीं, बल्कि उनकी जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को जागरूक करें, लेकिन संतुलित दृष्टिकोण के साथ करें.

नोरा फतेही करना चाहती हैं माधुरी की बायोपिक में काम

अपने डांस से लोगों के बीच मशहूर हुई अभिनेत्री नोरा फतेही कई बार माधुरी दीक्षित की तारीफ के कसीदे पढ़ चुकी हैं और अब फिर उन्होंने धक–धक गर्ल के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिन्हें देख लग रहा है कि वह माधुरी की बायोपिक में काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी के चंद्रमुखी वाले लुक में नोरा बेहद खूबसूरत लग रही हैं। नोरा पहले से ही माधुरी दीक्षित की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हैं। उनकी कुछ तस्वीरें भी सामने आईं, जिनमें नोरा ने माधुरी दीक्षित जैसी ड्रेस पहनी हुई है। इस दौरान वह माधुरी के सुपरहिट गाने डोला रे डोला को रिक्रिएट करती दिखीं। नोरा ने माधुरी के प्रति सम्मान व्यक्त किया और बताया कि वह माधुरी दीक्षित की बायोपिक में काम करना चाहती हैं। वह शो डांस दीवाने 3 में उनके साथ स्क्रीन शेयर कर फख्र महसूस करती हैं। शो डांस दीवाने 3 के आने वाले वीकेंड में नोरा फतेही का एक अलग अंदाज देखने को मिलने वाला है। इस एपिसोड में नोरा, माधुरी के मशहूर डोला रे डोला वाले लुक में नजर आएंगी। दरअसल, डांस दीवाने 3 में बॉलीवुड के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर नोरा, माधुरी दीक्षित की तरह तैयार हुई हैं। वह डोला रे डोला पर परफॉर्म करते हुए माधुरी को एक शानदार ट्रिब्यूट देने वाली हैं। अपने यूट्यूब ब्लॉग में नोरा ने कहा था, माधुरी मेरी आदर्श हैं। मैं उनके साथ को–जज की भूमिका निभा रही हूं, मेरे लिए इससे बड़ी खुशी की बात और क्या हो सकती है मैंने कई बार उनके प्रति अपने प्यार का इजहार किया है। उन्होंने कहा, मैं उनकी क्रेजी फैन हूं। अगर मौका मिला तो मैं माधुरी की बायोपिक में काम करूंगी। मैं सिर्फ एक सपना देख रही हूं, जिसके साकार होने की शायद कोई उम्मीद नहीं है। नोरा जल्द ही फिल्म भुजरू द प्राइड ऑफ इंडिया में नजर आएंगी। टी–सीरीज के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक दुधैया ने किया है। यह फिल्म 13 अगस्त को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। नोरा फिल्म सत्यमेव जयते 2 में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। पिछली बार की तरह इस बार भी वह फिल्म में डांस का तड़का लगाएंगी। बता दें कि फिल्म सत्यमेव जयते के गाने दिलबर.. ने नोरा को रातों–रात स्टार बना दिया था।

पाखी हेगड़े की तेलुगू फिल्म मणिशंकर के लिये कुंगफू की ट्रेनिंग शुरु

एक्ट्रेस पाखी हेगड़े की तेलुगू फिल्म मणिशंकर में क्लाइमेक्स के लिए कुंगफू की ट्रेनिंग शुरू हो गई है। अब इस फिल्म में एक्शन का बड़ा धमाका देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में इन दिनों जोर–शोर से चल रही है। खबर है कि इसमें पाखी हेगड़े भी नजर आ सकती हैं। यह पाखी की पहली तेलुगू फिल्म है, जिसमें उनका किरदार मणि का है। इस फिल्म में लीड रोल में शिवा कांतिमणि हैं। फिल्म श्मणिशंकरस्थ में कास्ट करने को लेकर पाखी ने पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तेलुगू में मेरी इस शानदार यात्रा का अवसर देने के लिए शिवा कांतिमणि को धन्यवाद। साथ ही सुब्बा राव को भी थैंक्स कहना चाहूंगी, जिनका हमेशा मुझे साथ मिला। मैं इस फिल्म के हर लम्हे का आनंद ले रही हूं। उन्होंने दर्शकों से भी फिल्म और अपनी भूमिका को प्यार देने की उम्मीद जताई। बता दें कि फिल्म श्मणिशंकरस्थ में मुख्य भूमिका में शिवा कांतिमणि और पाखी के अलावा चाणक्या और संजना ग्लरानी भी हैं। फिल्म के निर्माता पाणि भूषण और ए वी श्रीनिवास हैं। सिनेमैटोग्राफी प्रभाकर रेड्डी का है। स्टोरी, स्क्रीन प्ले और डायरेक्शन जी वेंकट कृष्णन का है। वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में उनका गाना नाच के मलकिनी रिलीज हुआ था। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का भोजपुरी गाना नाच के मलकिनी कुछ दिन पहले ही रिलीज हुआ था। सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चौनल पर रिलीज हुए भोजपुरी गाने नाच के मलकिनी में भोजपुरी क्वीन पाखी हेगड़े के साथ बिंदास गर्ल आकांक्षा दुबे नजर आ रही हैं। पाखी और आकांक्षा ने इस गाने में कहर ढा दिया है। फेमस भोजपुरी सिंगर शिल्पी राज ने खेसारी, आकांक्षा और पाखी के अंदाज से सजे इस गाने को खेसारी के साथ गाया है। शिल्पी राज और खेसारी लाल यादव के गाने खूब लोकप्रिय होते हैं।

खुशी कपूर ने करवाया फॉर्मल सूट में बोल्ड फोटोशूट

श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें और फैमिली के साथ मस्ती करते हुए वीडियो शेयर करती रहती हैं. उनकी हर तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है. खुशी जल्द ही बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं. फैंस को उनका लुक काफी पसंद आता है. आज खुशी ने फॉर्मल लुक में फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं जो फैंस को बहुत पसंद आ रही है. खुशी को लाखों लोग सोशल मीडिया पर फॉलो करते हैं. अभी तक उन्होंने बॉलीवुड में कदम नहीं रखा है और उनके फैन पेज बन गए हैं जो उनकी फोटोज शेयर करते रहते हैं. खुशी का इंस्टाग्राम अकाउंट पहले प्राइवेट था उन्होंने कुछ समय पहले ही इसे पब्लिक किया है. तब से उनकी फैन फॉलोइंग और बढ़ गई है. खुशी ने आज फॉर्मल सूट में बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है. फोटोज में खुशी अलग–अलग पोज देती नजर आ रही हैं. उनका लाइट मेकअप और खुले बाल उनके लुक को कॉम्प्लिमेंट कर रहे हैं. खुशी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा– पावर सूट. खुशी की इन फोटोज से सेलेब्स कमेंट करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं. नव्या नवेली ने हार्ट इमोजी पोस्ट की थी तो शनाया कपूर भी कमेंट करना नहीं भूलीं. इन तस्वीरों को लगभग 50 हजार लोग लाइक कर चुके हैं. खुशी कपूर इन समय न्यूयॉर्क में अपनी एक्टिंग की पढ़ाई पूरी कर रही हैं. उनके पिता बोनी कपूर ने कहा है कि जब वह अपनी पढ़ाई पूरी कर लेंगी उसके बाद ही बॉलीवुड में कदम रखेंगी. साथ ही बोनी कपूर ने एक इंटरव्यू में कहा है कि वह अपनी बेटी को लॉन्च नहीं करेंगे. वह चाहते हैं कि खुशी को कोई और फिल्ममेकर लॉन्च करे क्योंकि अगर वह उसे लॉन्च करेंगे तो उसकी गलतियों पर ध्यान नहीं दे पाएंगे. आपको बता दें बोनी कपूर ने अपनी बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर को भी लॉन्च नहीं किया था. जाह्नवी ने बॉलीवुड में करण जौहर की फिल्म धड़क से डेब्यू किया था. जिसके लिए उनकी काफी तारीफ की गई थी.

डॉगी को सैर कराती नजर आईं मलाइका अरोड़ा



यूं तो अक्सर मलाइका अरोड़ा अपने डॉगी को सैर कराते हुए नजर आती रहती हैं, लेकिन इस बार उनका बोल्ड अंदाज देख फैन्स घायल हो गए हैं। इन तस्वीरों पर फैन्स का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है, तो आइए आपको दिखाते हैं उनकी ये फोटोज।

ट्रेस टेस्ट ट्रीट नीति ने थामा कोरोना: योगी

एम्बुलेंस की अनुपलब्धता से हुई मौत तो नपेगा दोषी : मुख्यमंत्री

डग्गामार वाहनों पर रखी जाये नजर

लखनऊ,(यूएनएस)। प्रदेश के 09 और जिलों में आज कोरोना का एक भी एक्टिव केस नहीं मिला है। अब 55 जिले कोरोना से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं। कोरोना कंट्रोल में है जो ट्रेस टेस्ट ट्रीट नीति का फल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने अफसरों की टीम को कहा यह अच्छी बात है लेकिन सावधानी और कोरोना प्रोटोकॉल के अनुपालन में तनिक भी ढिलाई न होने पाये। किसी मरीज को जरूरत होने पर तत्काल एम्बुलेंस मिलनी चाहिए, देर हुई और मरीज को संकट झेलना पड़ा तो कार्रवाई अवश्य होगी। मुख्यमंत्री ने डग्गामार वाहनों के संचालन को भी गम्भीरता से लिया है ।उन्होंने कहा कि अन्य प्रदेशों से आनेवाले वाहनों पर भी नजर रखी जाए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 729 रह गई है। ऐसी स्थिति कोरोना के शुरुआती दिनों में थी। हर दिन ढाई लाख से तीन लाख टेस्ट होने हो रहे हैं। नए केस संख्या में हर दिन गिरावट हो रही है। पॉजिटिविटी दर 0.01 फीसदी तक आ गई है। जनपद अलीगढ़, अमरोहा, बस्ती, एटा, हाथरस, कासगंज, कौशांबी, महोबा और श्रावस्ती में अब कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जनपद आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। ट्रेस, टेस्ट, ट्रीट नीति से कोरोना पर हुए प्रभावी नियंत्रण को बनाए रखने में जनसहयोग बहुत आवश्यक है। यह जरूरी है कि संयम और जागरूकता का क्रम सतत बना रहे। सभी प्रदेशवासी कोविड अनुकूल व्यवहार को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। कोरोना महामारी की दूसरी लहर पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक कोविड टेस्टिंग करने वाला राज्य है। अब तक यहां 06 करोड़ 52 लाख से अधिक कोविड सैम्पल की जांच की जा चुकी है। विगत 24 घंटे में 02 लाख 44 हजार 02 कोविड सैम्पल की जांच की गई और 42 नए मरीजों की पुष्टि हुई, जबकि 91 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। किसी भी जिले में दोहरे अंक में नए केस की पुष्टि नहीं हुई। 55 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया, जबकि 20 जनपदों में इकाई अंक में मरीज पाए गए। इस अवधि में पॉजिटिविटी दर 0.01प्रतिशत रही। अब तक 16 लाख 84 हजार 925 से अधिक प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। कानपुर में विगत दिवस संक्रमित पाए गए 22 लोगों की गहन कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कराई गई। इनके परिजनों सहित संपर्क में आए लगभग 1,400 लोगों की कोविड टेस्टिंग कराई गई और एक भी पॉजिटिव मरीज की पुष्टि नहीं हुई। यह स्थिति बताती है कि हमारा प्रदेश कोरोना संक्रमण से सुरक्षित है। संक्रमित पाए गए सभी मरीजों के बेहतर उपचार के लिए सभी इंतजाम किए जाएं ।सभी जनपदों में मरीजों की आवश्यकता के अनुसार तुरंत एम्बुलेंस की उपलब्धता होनी चाहिए। किसी भी दशा में मरीजों अथवा उनके परिजन का उत्पीड़न न हो। जिलाधिकारीजिलों में एम्बुलेंस संचालन की व्यवस्था पर नजर बनाए रखें। एम्बुलेंस की अनुपलब्धता के कारण यदि किसी की असमय मृत्यु की दुःखद घटना हुई, तो दोषी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है। ऐसा देखने में आ रहा है कि अनेक अवैध डग्गामार बसें उत्तर प्रदेश की सीमा से होकर विभिन्न राज्यों की ओर जा रही हैं। यह बसें ओवरलोड होती हैं। इनकी स्थिति भी जर्जर होती हैं। परिवहन विभाग द्वारा विशेष सतर्कता बरतते हुए ऐसे बसों के संचालन को रोका जाए। इनके परमिट सहित दस्तावेजों की जांच हो। ओवरलोडिंग के विरुद्ध कठोरता से कार्रवाई की जाए। प्रदेश में अवैध शराब की निर्माण, क्रय, विक्रय की एक भी घटना घटित न हो। अवैध शराब के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की जाए। अवैध शराब के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान और तेज किया जाए। दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदेश में कोविड टीकाकरण का कार्य सुचारु रूप से चल रहा है। अब तक उत्तर प्रदेश में 04 करोड़ 67 लाख 83 हजार से अधिक कोविड वैक्सीन लगाए जा चुके हैं। प्रदेश के 03 करोड़ 91 लाख से अधिक लोगों ने कम से कम कोविड की एक खुराक ले ली है। यह किसी एक राज्य द्वारा किया गया सर्वाधिक वैक्सीनेशन है। कोविड वैक्सीनेशन को और तेज करने की आवश्यकता है। टीकाकरण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए। नोएडा में माइक्रोसॉफ्ट, अडानी व एक अन्य औद्योगिक समूह द्वारा डेटा सेंटर की स्थापना की कार्यवाही प्रस्तावित है। इस संबंध में सभी आवश्यक औपचारिकताएँ तेजी से पूरी की जाएं।

मायावती ने देश में सरकारी मेडिकल कालेजों की आल-इण्डिया की यूजी व पीजी सीटों में ओबीसी कोटा की घोषणा काफी देर से उठाया गया कदम

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की अध्यक्ष मायावती ने एमबीबीएस एवं दंत चिकित्सा पाठ्यक्रमों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर तबके (ईडब्लूएस) के लिए आरक्षण का प्रावधान किये जाने के केंद्र सरकार के फैसले पर शुक्रवार को निशाना साधा. उन्होंने कहा कि यह चुनावी राजनीतिक स्वार्थ के लिए लिया गया फैसला लगता है। मायावती ने ट्वीट करते हुए लिखा– देश में सरकारी मेडिकल कालेजों की आल–इण्डिया की यूजी व पीजी सीटों में ओबीसी कोटा की घोषणा काफी देर से उठाया गया कदम. केन्द्र सरकार अगर यह फैसला पहले ही समय से ले लेती तो इनको अबतक काफी लाभ हो जाता, किन्तु अब लोगों को यह चुनावी राजनीतिक स्वार्थ हेतु लिया गया फैसला लगता है. उन्होंने आगे कहा कि वैसे बीएसपी बहुत पहले से सरकारी नौकरियों में एससी, एसटी व ओबीसी कोटा के बैकलॉग पदों को भरने की माँग लगातार करती रही है, किन्तु केन्द्र व यूपी सहित अन्य राज्यों की भी सरकारें इन वर्गों के वास्तविक हित व कल्याण के प्रति लगातार उदासीन ही बनी हुई हैं, यह अति दुःखद है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि हमारी सरकार ने मेडिकल कोर्सेज में ऑल इंडिया कोटा स्कीम के तहत आरक्षण का फैसला किया है. इससे हर साल हमारे हजारों युवाओं को लाभ होगा।

स्कूल चले हम का प्रथम कैंपेन आज

लखनऊ,(यूएनएस)। शनिवार को उपहार इंडिया फाउंडेशन की अध्यक्ष निधि सूरी आहुजा द्वारा स्कूल चले हम का प्रथम कैंपेन लखनऊ की पूर्वी विधानसभा के भवन संख्या–30 कौशलपुरी सोसायटी, राम आशरे पुरवा,खरगापुर गोमती नगर लखनऊ से शुरू होगा। कैंपेन से झुग्गी–झोपड़ी,रिक्शा चालक,रेहड़ी लगाने वाले, विकलांग परिवार के 03 से 07 वर्ष आयु के 20 बच्चे जो कि कोरोना एवं लॉक डाउन की वजह से स्कूल जाना असंभव था,व ऑनलाइन पढ़ाई भी नहीं कर सकते थे। ऐसे बच्चों को शिक्षा देने के मकसद से संस्था की अध्यक्ष निधि सूरी आहुजा ने बच्चों को एल.के.जी. स्तर की शिक्षा के लिए बच्चों को जैसे स्कूल बैग,पेंसिल बॉक्स,पेंसिल,कटर, रबड़,स्केल,पेंसिल कलर एवं मेरी पहली किताब (पुस्तक) की किट उन 20 लाभार्थी बच्चों को देंगी। यह कैंपेन लखनऊ की 9 विधानसभाओं में होगा। उसके बाद उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा में भी किया जाएगा। कोरोना बाद स्कूल खुलने पर संस्था शिक्षा के अधिकार कानूनष के अनुसार बच्चों को प्राइवेट एवं सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क दाखिला कराने के लिए भी उत्तर प्रदेश सरकार से मदद लेगी।

कार के साथ संदिग्ध गतिविधि की शिकायत

लखनऊ,(यूएनएस)। डॉ नूतन ठाकुर ने कल उनकी सैंट्रो कार संख्या यूपी 32 बीएच 4418 से साथ जनपद न्यायालय के पास संदिग्ध गतिविधि की शिकायत की है। पुलिस कमिश्नर लखनऊ को भेजी अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी कार आयुक्त कार्यालय के तिराहे से थोडा आगे सीएसआईआर कैंपस के सामने वाले मेन रोड पर लगभग 12.00 बजे पार्क किया था. जब वे करीब 13.30 बजे वापस आयीं तो उनकी कार का आगे के ड्राईवर के सीट के बगल वाला दरवाजा खुला हुआ था, जिससे साफ था कि किसी ने उस दरवाजे को खोला था. उन्होंने कहा कि उन्हें तथा उनके साथ चल रहे सुरक्षाकर्मी को अच्छी तरह याद था कि दरवाजा निश्चित रूप से लॉक था। नूतन ने कहा कि पिछले दिनों उनके गोमतीनगर आवास के पड़ोस में भी 02 संदिग्ध व्यक्ति खुद को माइनॉरिटी मिनिस्ट्री, नयी दिल्ली का अधिकारी बताते हुए उनके बारे में संदिग्ध पूछताछ व जानकारी कर रहे थे. उन्होंने इन सभी घटनाओं को संदिग्ध बताते हुए पूछताछ कर कार्यवाही की मांग की है।

सरकार द्वारा मुकदमा वापसी की सूचना देने से इंकार

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले चार साल में वापस लिए गए मुकदमों की सूचना देने से इंकार कर दिया है. एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर ने 01 जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2020 के बीच सरकार द्वारा वापस लिए गए मुकदमों का सम्पूर्ण विवरण तथा इन वाद की वापसी से संबंधित पत्रावली मांगी थी। सरकार ने पहले विस्तृत सूचना होने के आधार पर सूचना देने से मना किया. इस पर नूतन ने कार्यालय में आ कर संबंधित पत्रावलियों का अवलोकन कर जरुरत के अनुसार न्यूनतम संख्या में अभिलेख मांगने का प्रस्ताव दिया ताकि विभाग के कार्यों पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े. अब न्याय विभाग के विशेष सचिव राकेश कुमार सिंह प्रथम द्वारा भेजे गए उत्तर में इस सूचना को आरटीआई एक्ट की धारा 8 की उपधारा (ई) में विश्वास में दी गयी।

9 अगस्त से रोजगार के मुद्दे को लेकर लखनऊ में होगा धरना

लखनऊ,(यूएनएस)। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जीतेन्द्र सिंह द्वारा लोक सभा में दी गई जानकारी के अनुसार 1 मार्च 2020 तक केंद्रीय विभागों में रिक्त पदों की संख्या 8.72 लाख(872243) थी। इसके पूर्व इनके द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार 1 मार्च 2018 को रिक्त पद 6.83 लाख(683823) थे। इन दो वर्षों में मोदी सरकार बंपर वैकेंसी का प्रोपैगेंडा करती रही लेकिन केंद्र के विभागों में रिक्त पदों की संख्या में करीब दो लाख का ईजाफा हो गया। यही हाल उत्तर प्रदेश का है।

अगर उत्तर प्रदेश सरकार आंकड़े जारी करे तो सच्चाई सामने आ जायेगी कि प्रदेश में योगी सरकार के कार्यकाल में रिक्त पदों का जो बैकलॉग अखिलेश सरकार में था वह जस का तस है। मोटे तौर पर आकलन के आधार पर प्रदेश के शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, तकनीकी संवर्ग आदि में सरकारी कर्मचारियों व शिक्षकों के 5 लाख से ज्यादा रिक्त पद हैं। गत वर्ष सितंबर में केंद्र सरकार ने जानकारी दी थी कि उत्तर प्रदेश में शिक्षकों के 2.17 हजार रिक्त पद हैं। जबकि योगी सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य के पदों को खत्म कर दिया है। उत्तर प्रदेश में जो प्राथमिक विद्यालयों में 68500 व 69000 शिक्षक भर्ती का ढिंढोरा पीटा जा रहा है वह वास्तव में इनकी नयी भर्ती ही नहीं है बल्कि जो 1.37 लाख शिक्षक पद सुप्रीम कोर्ट द्वारा समायोजन रद्द होने के बाद रिक्त हुए उन्हीं पदों को भरा गया है और उसमें भी 22 हजार पद अभी रिक्त हैं। इस तरह प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पदों के सापेक्ष योगी सरकार ने इन 4.5 सालों में कोई भी भर्ती नहीं निकाली है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दरम्यान योगी सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में 97 हजार रिक्त पदों की जानकारी दी थी और बाद में 52 हजार पदों पर विज्ञापन जारी करने का हलफनामा भी दायर किया था और योगी सरकार ने इसकी घोषणा भी की थी। लेकिन अब योगी सरकार भर्ती के वादे से मुकर रही है। हालत तो यह है कि पुलिस–2015 की 3528, जूनियर परिषदीय–2013 के शेष बचे लगभग 8 हजार पद समेत तमाम लंबित भर्तियों को भी अभी तक पूरा नहीं किया गया है। युवा मंच रोजगार अधिकार के लिए मुहिम संचालित कर रहा है। प्रमुख मांग है कि प्रदेश में 5 लाख रिक्त पदों को भरा जाये, सभी युवाओं को गरिमापूर्ण रोजगार की गारंटी की जाये और ऐसा न होने तक जीवन निर्वाह लायक बेरोजगारी भत्ता दिया जाये। इन सभी मुद्दों पर 9 अगस्त से ईको गार्डन लखनऊ में बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरू करने का ऐलान किया है।

संतकबीरनगर में पुलिस की पिटाई से थाने शख्स की मौत का मामला।

यूपी में इस साल नहीं बढ़ेंगे बिजली के दाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इस बार बिजली के दाम नहीं बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजली की दर अबकी न बढ़ाए जाने की घोषणा पहले ही कर दी थी। उसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ ऑर्डर जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने सभी बिजली कंपनियों के स्लैब परिवर्तन के साथ ही साथ रेगुलेटरी सरचार्ज के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष आरपी सिंह, सदस्य केके शर्मा व वीके श्रीवास्तव की पूर्ण पीठ ने प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियों की ओर से 2021–22 के लिए दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर), 2020–21 की एनुअल परफार्मेंस रिव्यू, 2019–20 के लिए दाखिल ट्रू–अप (अनुमोदित व वास्तविक खर्च में अंतर) तथा स्लैब परिवर्तन याचिका पर गुरुवार को अपना फैसला सुनाते हुए टैरिफ ऑर्डर जारी कर दिया। 49 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के रेगुलेटरी एसेट का दावा करने वाली बिजली कंपनियों पर इस साल भी उपभोक्ताओं की करीब 1059 करोड़ रुपये की देनदारी निकल आई है। मौजूदा सरकार में अभी तक केवल एक बार वर्ष 2019–20 में बिजली दरों में बढ़ोतरी हुई है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों की तमाम दलीलों को खारिज कर बिजली की मौजूदा दरें न बढ़ाते हुए उन्हें यथावत रखने का गुरुवार को फैसला सुनाया। आयोग ने कंपनियों के 10–12 फीसद रेगुलेटरी सरचार्ज लगाए जाने और स्लैब परिवर्तन करने संबंधी प्रस्तावों को भी नहीं माना है। ऐसे में विद्युत उपभोक्ताओं की जेब पर कम से कम अगले वर्ष विधानसभा चुनाव तक तो किसी तरह का कोई अतिरिक्त बोझ पडने वाला नहीं है। दरअसल, पांचों बिजली कंपनियों ने चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए नियामक आयोग में 81,901 करोड़ रुपये का एआरआर (वार्षिक राजस्व आवश्यकता) दाखिल किया था। इन कंपनियों ने अपनी ओर से बिजली दर बढ़ाने का कोई प्रस्ताव तो नहीं दिया था, लेकिन 9663 करोड़ रुपये का राजस्व गैप दिखाया था, जिसकी भरपाई के लिए वे बिजली की दरों में इजाफा चाह रही थीं। चूंकि विधानसभा चुनाव में कुछ ही महीने रह गए हैं, इसलिए पहले से ही माना जा रहा था कि अबकी बिजली की दरें नहीं बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बिजली की दरें न बढ़ाए जाने की घोषणा की थी। ऐसे में बिजली कंपनियों ने दूसरे रास्तों के जरिये उपभोक्ताओं से ज्यादा वसूली करने की कोशिश की, लेकिन आयोग ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

संक्षिप्त समाचार

सांसदों को थमाई योगी सरकार की उपलब्धियों की किताब

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के सभी सांसदों को योगी सरकार की उपलब्धियों के संबंध में पुस्तकें दी गयी हैं। एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत स्थानीय शिल्पियों द्वारा निर्मित एक बैग में दी गयीं ये पुस्तकें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कृतित्व और व्यक्तित्व, राज्य सरकार के लगभग 52 महीनों के कार्यकाल में जन कल्याण के विभिन्न कार्यक्रमों, उनके सफल क्रियान्वयन और उपलब्धियों को दर्शा रही हैं। इनमें एक पुस्तक एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के संबंध में भी है। ओडीओपी में हर जिले की खातिर कुछ न कुछ जरूर है जो वहां के निवासियों को प्रभावित करता है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर सरकार और भाजपा संगठन दोनों की मंशा है कि सरकार की उपलब्धियों के साथ–साथ बिभिन्न्न कल्याणकारी योजनाओं और उनसे लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति पहुंचाने में सांसदों, विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो। इसी दिशा में सभी सांसदों को उपलब्धियों की पुस्तिका भेंट की गयी जिससे वे योगी सरकार के कार्यों को गांव–गांव और नगर–नगर आम जन तक पहुंचा सकें। प्रवक्ता का कहना है कि हाल ही में अनेक मौकों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी योगी सरकार की प्रशंसा की और विशेषकर कोविड काल में जनता के प्रति सेवा भाव को उन्होंने एक उदाहरण बताया था।

28 अगस्त को पर्यावरण दिवस मनायेगा भारतीय मजदूर संघ

लखनऊ,(यूएनएस)। आगामी 28 अगस्त को भारतीय मजदूर संघ पर्यावरण दिवस मनायेगा। पर्यावरण दिवस के कार्यक्रमों की योजना रचना के लिये मजदूर संघ के प्रदेश संगठनमंत्री रामनिवास ने शुक्रवार को लखनऊ में बैठक की। पर्यावरण दिवस को लेकर हुई बैठक के बाद प्रदेश संगठनमंत्री रामनिवास ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ बीएमएस स्थापना काल 1955 से 28 अगस्त को पर्यावरण दिवस के रुप में मनाता आ रहा है। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त 1787 को राजस्थान में खेजड़ी के पेड़ों की रक्षा करते हुये अमृता देवी ने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया था। अमृता देवी के बलिदान दिवस को ही बीएमएस ने पर्यावरण दिवस के रुप में मनाना शुरु किया। पर्यावरण दिवस पर बीएमएस की सभी इकाईयां गोष्ठियां, पौधरोपण, जागरुकता कार्यक्रम करेंगी। बैठक में कार्यक्रमों की योजना बनायी गयी है। लखनऊ और प्रमुख महानगरों में बड़े कार्यक्रम की योजना है।

अखिलेश ने बीजेपी पर साधा निशाना

लखनऊ,(यूएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को ट्वीट के जरिये भाजपा पर तीखा व्यंग्यवाण चलाया है। उन्होंने कहा कि जिसने ऑक्सीजन नहीं दी और जनता की सांस छीन ली, वे आज जनता का आशीर्वाद लेंगे ।सपा सुप्रीमो ने ट्वीट में लिखा है कि 'सुना है वो भाजपा के गांव–गांव जाकर आशीर्वाद लेगी, जिसने जनता की सांस छीन ली पर ऑक्सीजन नहीं दी। महंगे सिलेंडर से चूल्हे बुझा दिए, महंगी बिजली से घरों में अंधेरा कर दिया। किसान–मजदूर, महिला, शिक्षक, युवा, दलित, पिछड़े सबका उत्पीड़न किया। काम–रोजगार दिया नहीं, रोजी–रोटी और छीन ली। अब उन्हें आशीर्वाद चाहिए क्योंकि अब चुनाव फिर करीब है।

टेम्पो चालक ने नर्सिंग छात्रा को अगवा कर किया दुष्कर्म

लखनऊ,(यूएनएस)। प्रदेश की राजधानी एक बार फिर शर्मसार हो गई। शुक्रवार सुबह कॉलेज जाने के लिए टेंपो में बैठी नर्सिंग की छात्रा का टेंपो चालक ने अपहरण कर लिया। इसके बाद आरोपी चालक ने सुनसान स्थान पर स्थित दुकान में बंधक बनाकर युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। मामले में पीड़ित छात्रा ने काकोरी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महाराजगंज क्षेत्र अंतर्गत एक मोहल्ला निवासी युवती नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। शुक्रवार सुबह वह प्रतिदिन की भांति कॉलेज जाने के लिए निकली। उसने कॉलेज जाने के लिए टेंपो ले लिया। टेंपो में कुछ अन्य सवारियां भी थीं लेकिन वे कुछ आगे जाने पर उतर गईं। इसके बाद सुनसान जगह देखकर चालक ने छात्रा का अपहरण कर लिया। इस दौरान छात्रा ने चीखपुकार मचाई लेकिन सुनसान जगह होने के कारण कोई उसकी चीख नहीं सुन सका। अपहरण करने के बाद चालक छात्रा को एक दुकान में ले गया और बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद चालक शिकायत करने पर छात्रा को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। किसी प्रकार छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को मामले की जानकारी दी। घटना की जानकारी पर परिवार में हड़कंप मच गया। आनन–फानन परिजन छात्रा को लेकर काकोरी थाने पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित छात्रा का मेडिकल कराया है। पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म की वारदात का मामला सामने आया है। छात्रा का मेडिकल कराया गया है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी की तलाश की जा रही है ।जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। इस घटना को लेकर लोगों में बड़ा आक्रोश है और दोषी की जल्द गिरफ्तारी और कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। कहते हैं कि ऐसे तो छात्राओं और युवतियों को घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा।

केवल घूमने यूपी आती हैं प्रियंका गांधी : सिद्धार्थनाथ सिंह

लखनऊ,(यूएनएस)। एंबुलेंस चालकों को बर्खास्त करने पर योगी सरकार के वरिष्ठ मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि वह मामले को समझने के बजाय ऐसे लोगों का समर्थन कर रही हैं जो जनसेवा में बाधा खड़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह समझना मुश्किल है कि प्रियंका गांधी वाड्रा जैसी नेता इतना गैर–जिम्मेदाराना व्यवहार कैसे कर सकती हैं और सही मामले को जाने बिना सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट कर जनता को गुमराह कर सकती हैं। वह सिर्फ कुछ ऐसा सनसनीखेज करने की कोशिश कर रही है जो झूठ है। सिद्धार्थनाथ ने कहा कि यह स्पष्ट करते हुए कि राज्य सरकार का एम्बुलेंस चालकों की हड़ताल से कोई लेना–देना नहीं है।

रामगढ़ ताल में उतराती हुई मिली लाश

अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव

गोरखपुर। रामगढ़ ताल थाना क्षेत्र के पीपलडाढा के युवकों ने कल शाम रामगढ़ ताल निकट एसटीपी बंधे से सटे हुए एक लाश को पानी में उतराती हुए देखा तब उन्होंने पुलिस को सूचना दिया। नंदा नगर प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार कल शाम 6रू00 बजे के लगभग मोहद्दीपुर स्थित रामगढ़ ताल में एसटीपी बंधे से सटे पानी में उतराती हुई लाश दिखाई दिया इस सूचना पर रामगढ़ ताल थाना प्रभारी जगत नारायण सिंह एवं नौकायान चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक विजय कुमार यादव ने पहुंच कर आरक्षी नीरज कुमार, आरक्षी अनिल कुमार यादव की मदद से लाश को बाहर निकालने के लिए स्टीमर की व्यवस्था से देर रात तक लास को पानी से बाहर निकाला गया कांस्टेबल नीरज कुमार एवं कांस्टेबल अनिल कुमार यादव ने बताया कि इस व्यक्ति का हुलिया रंग सावला आंख, नाक, कान,कद औसत इकहरा मजबूत जिस्म का है जिसमें मरे हुए व्यक्ति का पहनावा पीले कलर की गंजी, चेकलदार नीले रंग का पैंट पहना हुआ था उम्र तकरीबन 38 वर्ष है रामगढ़ ताल नौकायान चौकी के अंतर्गत मृत अवस्था में एक व्यक्ति पाया गया इसकी सुपुर्दगी आरक्षी नीरज कुमार ने पीएम हाउस बीआरडी मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराकर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

आपस में दो बाइक की टक्कर से युवक घायल

अमिट रेखा (तहसील प्रभार)

देवरिया, भटनी। देवरिया जनपद के भटनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रजवल चौराहे से लगभग 1किमी0 पश्चिम कोयिलाड़ के समीपमोटरसाईकिल दुर्घटना में एक युवक की हालत गंभीर राहगीरों द्वारा एंबुलेंस को सूचित कर अस्पताल में भेजवाया गया। प्राप्त सूचना के अनुसार घायल युवक की पहचान परसौनी गांव के लालू गुप्ता बताया जा रहा है जो किसी कार्य से बाहर गए हुए थे जिसमें उनकी सामने से आ रही बाइक के टक्कर से उनकी हालत गंभीर हो गई । घायल युवक को तड़पता देख राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचित किया जिसे घायल युवक इलाज के लिए ले जाया गया।

जिलाधिकारी ने आज जनसुनवाई के दौरान सुनी जन समस्याएं

– शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें संबंधित अधिकारी:डीएम

अमिट रेखा व्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल ने आज जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड–19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, मास्क लगाएं तथा साफ–सफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान दें, 18 वर्ष से ऊपर आयु के सभी व्यक्ति अपना कोविड टीकाकरण अवश्य कराएं। आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष नाली विवाद, भूमि पर अवैध कब्जे, वसीयत, भूमि की पैमाइश, शौचालय, राशन, आवास आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाए, शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए, इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी संबंधित मौजूद रहे।

पूर्व में सीएम योगी की अमर्यादित तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले शातिर ने दिनदहाड़े दुकान में घुसकर की मारपीट,पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमिट रेखा हरदोई। सामाजिक वैमनस्यता और हिन्दु– मुस्लिम फसाद कराने के मंसूबे से सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगीआदित्य नाथ की अमर्यादित तस्वीर बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले शातिर गुण्डे शोबी उर्फ कमर अब्बास निवासी मोहल्ला मीरसंराएँ पिहानी ने अपने साथियों सहित कस्बे के बड़े चौराहे पर अबूजर किराना स्टोर में मचाया तांडव।दुकानदार को किया लहू–लुहान।संज्ञान में आया है कि उक्त शातिर व्यक्ति अपने घर परिवार तथा रिश्तेदारों का एक मुस्लिम संगठन जोड़कर चलाता है जिसके जरिए मोहर्रम में जुलूस निकालता है और कूटनीति करके सामाजिक वैमनस्यता के लिए लोगों को प्रेरित करता है।मारपीट व गुण्डागर्दी नशाखोरी का धन्धा इनकी परम्पराओं में शामिल है। 'इस गिरोह में सरगना के अलावा अन्य साथी गण आजिम व काजिम पुत्रगण नाजिम, बोबी उर्फ अजहर अब्बास व शोबी उर्फ कमर अब्बास पुत्र याकूब और अय्यूब पुत्र महबूब तथा कई नाम अज्ञात जन सर्व निवासी गण कस्बा पिहानी शामिल हैं।' उपरोक्त में से अभियुक्त शोबी उर्फ कमर अब्बास पुत्र याकूब निवासी मीरसंराएँ कस्बा व कोतवाली नगर परिषद पिहानी ने 11जून 2017 में कस्बे में सामाजिक वैमनस्यता व हिन्दु मुस्लिम विवाद फैलाने के उद्देश्य से उत्तर–प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की गलत तस्वीर एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल की थी जिस से नाराज होकर विश्व हिन्दु यूवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष प्रखर गुप्ता व कार्यकारिणी के तमाम सदस्यों ने धरना देकर उसके विरुद्ध थाने में मुकदमा लिखवाया था।जिसके विरुद्ध कोतवाली पिहानी में भा0दं0सं0 1860 की धारा 295 ।,298,505 (2),153 ।(1),आईपीसी व 66आईटी एक्ट के तहत मुकदमा संख्या 188ध्19 व अपराध संख्या 137ध्17 जनपद न्यायालय में विचाराधीन है।

वैमनस्यता और हिन्दु– मुस्लिम फसाद कराने के मंसूबे से सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगीआदित्य नाथ की अमर्यादित तस्वीर बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले शातिर गुण्डे शोबी उर्फ कमर अब्बास निवासी मोहल्ला मीरसंराएँ पिहानी ने अपने साथियों सहित कस्बे के बड़े चौराहे पर अबूजर किराना स्टोर में मचाया तांडव।दुकानदार को किया लहू–लुहान।संज्ञान में आया है कि उक्त शातिर व्यक्ति अपने घर परिवार तथा रिश्तेदारों का एक मुस्लिम संगठन जोड़कर चलाता है जिसके जरिए मोहर्रम में जुलूस निकालता है और कूटनीति करके सामाजिक वैमनस्यता के लिए लोगों को प्रेरित करता है।

मारपीट व गुण्डागर्दी नशाखोरी का धन्धा इनकी परम्पराओं में शामिल है। 'इस गिरोह में सरगना के अलावा अन्य साथी गण आजिम व काजिम पुत्रगण नाजिम, बोबी उर्फ अजहर अब्बास व शोबी उर्फ कमर अब्बास पुत्र याकूब और अय्यूब पुत्र महबूब तथा कई नाम अज्ञात जन सर्व निवासी गण कस्बा पिहानी शामिल हैं।' उपरोक्त में से अभियुक्त शोबी उर्फ कमर अब्बास पुत्र याकूब निवासी मीरसंराएँ कस्बा व कोतवाली नगर परिषद पिहानी ने 11जून 2017 में कस्बे में सामाजिक वैमनस्यता व हिन्दु मुस्लिम विवाद फैलाने के उद्देश्य से उत्तर–प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की गलत तस्वीर एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल की थी जिस से नाराज होकर विश्व हिन्दु यूवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष प्रखर गुप्ता व कार्यकारिणी के तमाम सदस्यों ने धरना देकर उसके विरुद्ध थाने में मुकदमा लिखवाया था।जिसके विरुद्ध कोतवाली पिहानी में भा0दं0सं0 1860 की धारा 295 ।,298,505 (2),153 ।(1),आईपीसी व 66आईटी एक्ट के तहत मुकदमा संख्या 188ध्19 व अपराध संख्या 137ध्17 जनपद न्यायालय में विचाराधीन है।

कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता की स्थिति में आर्थिक सहायता के लिये संचालित है मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने बताया है कि कृषकों की दुर्घटनावश मृत्युधदिव्यांगता की स्थिति में उनके परिवार को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संचालित है। इसके अन्तर्गत कृषक की दुर्घटनावश मृत्युधिदव्यांगता की दशा में अधिकतम 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी, जो राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी। मृत्युधदिव्यांगता की तिथि को 18 से 70 वर्ष तक की आयु वाले कृषक ही इस योजना से आच्छादित हो सकेगें। जिलाधिकारी ने अनुमन्य आर्थिक सहायता के विवरण में बताया कि कृषक के मृत्यु अथवा पूर्ण शारीरिक अक्षमता, दोनो हाथ अथवा दोनो पैर अथवा दोनो आखों की क्षति की स्थिति में, एक हाथ तथा एक पैर की क्षति की स्थिति में सहायता धनराशि शत प्रतिशत देय होगी। एक हाथ या एक पैर या एक आंख की क्षति, स्थायी दिव्यांगता 50 प्रतिशत से अधिक होने पर, परन्तु 100 प्रतिशत से कम होने पर 50 प्रतिशत धनराशि का प्राविधान है। स्थायी दिव्यांगता 25 प्रतिशत से अधिक परन्तु 50 प्रतिशत से कम होने पर अनुमन्य धनराशि का 25 प्रतिशत की सहायता धनराशि दी जायेगी। इसी प्रकार प्राकृतिक आपदा में मृत्यु की दशा में 4 लाख की धनराशि प्रदान की जाती है तथा 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता होने पर 2 लाख, 40 से 60 प्रतिशत की दशा में 59100 रुपये प्रति व्यक्ति राज्य आपदा मोचक निधि से प्राप्त होते है।

आवेदन की प्रक्रिया का स्वरुप एवं आवश्यक प्रपत्र

कृषक के दुर्घटनावश मृत्युधदिव्यांगता की स्थिति में उसकी विधिक वारिसध्वारिसोंध्स्वयं कृषक द्वारा आवेदन पत्र भरकर जिलाधिकारी को सम्बोधित करते हुए संबंधित तहसील में जमा किया जायेगा। मृत्य कृषक के एक से अधिक वारिस होने पर उनके द्वारा संयुक्त रुप से आवेदन किया जायेगा। आवेदन के साथ यथा वांछित साक्ष्य खतौनी के प्रमाणित प्रति अथवा रजिस्टर्ड निजी पट्टेदार हेतु प्रस्तर–3(क) के अनुसार पट्टे की प्रमाणित प्रति अथवा बटाईदार हेतु प्रस्तर–3(ख) के अनुसार कोई एक प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। आयु प्रमाण पत्र के लिये हाई स्कूल प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की प्रति, वोटर आईडी कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, आधार कार्ड, पेन कार्ड में से किसी एक अभिलेख को प्रस्तुत करना होगा। निवास प्रमाण पत्र के रुप में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, राशन कार्ड, वोटर आई डी, आधार कार्ड एवं उप जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र में से किसी एक प्रपत्र को साक्ष्य के रुप में प्रस्तुत किया जाना होगा। पोस्टमाटम रिपोर्ट अथवा जहां पर पोस्टमाटम संभव नही है वहां पंचनामा, मृत्यु प्रमाणपत्र, दिव्यांगता की स्थिति में सीएमओ द्वारा जारी प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र (केवल विवादित उत्तराधिकार की दशा में), बैंक पासबुक की छाया प्रति, मोबाईल नम्बर एवं आधार नम्बर देना होगा।

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अवधि

आवेदन पत्र निर्धारित प्रमाणपत्रोध्प्रपत्रो को पूर्ण करा कर दो प्रतियो में मूल प्रति एवं छायाप्रति के साथ अधिकतम 1.5 माह(45 दिन) की अवधि में संबंधित तहसील कार्यालय में जमा करना होगा। अपरिहार्य परिस्थिति आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अवधि को एक माह तक बढाने का अधिकार जिलाधिकारी में निहित होगा।

आवेदन पत्र के निस्तारण की प्रक्रिया

आवेदन पत्र सभी आवश्यक प्रपत्र पूर्ण करा कर संबंधित तहसील कार्यालय में जमा किया जायेगा तथा उसकी प्राप्ति रसीद आवेदक को दी जायेगी। संबंधित तहसीलदार दी गयी सूचनाओं एवं साक्ष्यो के परीक्षण के उपरान्त अपनी स्पष्ट संतुति समान्यतः 2 सप्ताह के अन्दर आवेदन पत्रावली उपजिलाधिकारी को प्रेषित करेगें। उप जिलाधिकारी द्वारा पात्र व अपात्र की क्रास चेकिंग करायी जायेगी और संतुष्ट होने पर अपनी स्पष्ट संस्तुति के सप्ताह में जिलाधिकारी को निस्तारण हेतु प्रेषित की जायेगी। जिलाधिकारी कार्यालय में एक सप्ताह के अन्दर आवेदन पत्र का परीक्षण नियमानुसार निस्तारणध्भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। स्वीकृत होने की दशा में भुगतान की धनराशि कृषकधविधिक वारिसों के बैंक खाते में आनलाईन किया जायेगा। स्वीकृतध्अस्वीकृत की सूचना एसडीएम, तहसीलदार व प्रार्थी को भी दी जायेगी। सांपध्अन्य विषैले जीव जन्तु के काटने की दशा में पोस्टमाटम रिपोर्टध्स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक का प्रमाणपत्र मान्य होगा।

कृषक की पात्रता

राजस्व अभिलेखो अर्थात खतौनी में दर्ज खातेदारध्सह खातेदार अथवा परिवार के ऐसे कमाउ सदस्य जिनकी आजीविका का मुख्य स्त्रोत खातेदारध्सह खातेदार के नाम दर्ज भूमि से होने वाली कृषि आय से है अथवा ऐसे भूमिहीन व्यक्ति जो पट्टे से प्राप्त भूमि पर या बटाई पर कृषि का कार्य करतें है तथा जिनकी जीविका का मुख्य साधन ऐसे पट्टे या बटाई पर ली गयी भूमि पर कृषि कार्य है। पट्टेदार के अन्तर्गत असामी पट्टेदार, निजी पट्टेदार सम्मिलित होगें।

योजना का आच्छादन

यदि आग लगने, बाढ, बिजली गिरने, करेन्ट लगने, सांप के काटने, जीव जन्तुधजानवर द्वारा काटनेध्मारने, समुद्र, नदी, झील, तालाब, पोखर में डुबने, आधी–तुफान, वृक्ष से गिरने, दबने, मकान गिरने, रेलध्रोडध्वायुयानध्अन्य वाहन आदि से दुर्घटना होने, भूस्खलन, भूकम्प, गैस रिसाव, विस्फोट, सीवर चौम्बर में गिरने अथवा अन्य किसी कारण से कृषक की मृत्युधदिव्यांगता होती है तो कृषकधविधिक वारिसधवारिसों को इस योजना के तहत आर्थिक सहायता अनुमन्य होगी। यदि कृषक के मृत्युधदिव्यांगता, आत्महत्या या आपराधिक कार्य स्वयं करते समय होती है तो ऐसी दशा में इस योजना के अन्तर्गत कृषक को कोई सहायता अनुमन्य नही होगी।

फीता काटकर राजवर्धन ने किया स्वास्तिका हेल्थ एन्ड आई केयर क्लिनिक का उद्घाटन

– ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को ष्टि दोष सम्बन्धी समस्याओं का निदान अब गांव में ही होगा सम्भव

अमिट रेखा हरदोई। नपद में सामाजिक क्षेत्र में सभी के चहेते एवं भारतीय रोटी बैंक के जिला प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी कर्ण सिंह राणा के नव प्रतिष्ठान स्वास्तिका हेल्थ एन्ड आई केयर क्लिनिक का शुभ उद्घाटन बीते कल जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी राजवर्धन सिंह राजू एवं सीए निवेश सलाहकार आदित्य चौहान ने फीता काटकर किया। इस मौके पर समाजसेवी श्री सिंह ने कर्ण सिंह राणा एवं उनके साथी सहयोगी व्योम गुप्ता जी को नव प्रतिष्ठान की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अग्रिम उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी। सीए आदित्य चौहान ने बताया कि अब ग्राम सभा स्तर के लोगों की दृष्टि दोष सम्बन्धी समस्त समस्याएं अब ग्रामसभा स्तर पर ही ठीक हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि अब गांव के लोगों को गांव से भागकर शहर जाकर दृष्टि दोष सम्बन्धी समस्या का निजात पाने से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर दृष्टि दोष विशेषज्ञ कर्ण सिंह ने बताया कि इस क्लिनिक के माध्यम से ग्रामसभा के स्तर पर विशेष तौर पर दृष्टि दोष सम्बन्धी समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा आम समस्याएं सर्दी, जुकाम, बुखार, पेट दर्द आदि का प्राथमिक उपचार भी किया जाएगा। उद्घाटन के इस शुभ अवसर पर दृष्टि दोष विशेषज्ञ कर्ण सिंह के सहयोगी व्योम गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुमन सिंह, विजय बहादुर सिंह, अभय चौहान, सामाजिक संस्था भारतीय रोटी बैंक के संस्थापक अरुणेश पाठक आदि मौजूद रहे।

नदी में अज्ञात शव देखकर लोगों में मचा हड़कंप

अमिट रेखा व्यूरो

प्रतापगढ़। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सुखऊ दुबौली गांव में सुबह ग्रामीण जब शौच के लिए गए तो देखा कि नदी की में तैरता एक शव दिखाई दिया ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी , मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सुखऊ दुबौली गांव में शुक्रवार की सुबह ग्रामीण जब नदी की तरफ सौच के लिए गए हुए थे तभी नदी मे एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया जब नजदीक जाकर देखने से लग रहा था कई दिन पहले मरा हुआ व्यक्ति है इसका शव पूरी तरह से फूला हुआ था शव की पहचान नहीं हो पाई यह जानकारी ग्रामीणों में जंगल की आग की तरह फैल गई देखते ही देखते काफी भीड़ इकट्ठा हो गई । इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंचकर पुलिस नदी से शव को बाहर निकाला शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

मानक के अनुरूप नहीं बन रही है सड़क निर्माण में धांधली

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। खजनी ब्लाक खजनी कस्बे ग्राम सभा रुद्रपुर खजनी में सड़क सिकरीगंज रोड से मल्हनपार रोड संपर्क मार्ग जो सीबी सिंह गली के नाम से मशहूर है दोनों रोड को जोडने की लंबाई 214 मीटर है,उस पर खंड विकास खजनी के द्वारा मात्र 100 मीटर सीसी रोड का टेंडर किया गया जिसको ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया और मल्हनपार रोड के तरफ से निर्माण शुरू किया गया केवल 2 से 3 मीटर आरसीसी किया गया शेष गिट्टी डालकर 3महीने से बन्द कर दिया गया ,उसी समय ग्राम पंचायत का चुनाव था, तब से काम बंद है। और आज तक कोई ठेकेदार व विकास खंड खजनी के कोई जिम्मेदार अधिकारी सुध नही ले रहे हैं ऐसे में बरसात होने की वजह से उस गली के रहने वाले लोग जलजमाव से काफी परेशान रहते है बिडिओ खजनी सुनील कुमार ने बताया कल मार्ग को देखवाते हैं तुरंत काम शुरू किया जायेगा।

युवती की गला काटकर हत्या हुई

अमिटरेखा (ब्यूरो) रिहान अली

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर क्षेत्र में 22 वर्षीय युक्ति की गला काटकर हत्या कर दी गई। युवती का शव बरामद होने की सूचना पर एसपी सिटी सहित कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया पुलिस युवती की पहचान के लिए प्रयास कर रही है।पुलिस का कहना है की युवती की हत्या किसी और स्थान पर की गई है। शव को यहां लाकर फेंका गया है। युवती पीले रंग का सलवार कोको कोला कलर की कुर्ती पहनी है। हत्या के पीछे क्या कारण आ रहा इसकी जानकारी युवती की पहचान अथवा आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल एसपी सिटी मुकेश चंद्र मिश्र एवं सीओ सिटी हरिमोहन वं थाना उत्तर पुलिस रामगढ़ पुलिस रसूंलपुर पुलिस तमाम पुलिस के आला अधिकारिओ ने मृतका की पहचान के लिए पुलिस प्रयास में जुटी हुई है। जिस स्थान पर युवती का शव मिला था वह एक प्लॉट है उसके समीप मुकेश गुप्ता और विष्णु गुप्ता का भी प्लॉट बताया जाता है।

नवसृजीत नगर पंचायत दुदही को नगरी बिजली मानक के आधार सप्लाई बहाल हेतु व्यापारीओं ने सौपा ज्ञापन

अमिट रेखा – गोविन्द कुमार मद्धेशिया

चाफ – कुशीनगर। जनपद के तमकुहीराज तहसील अंतर्गत नवसृजीत नगर पंचायत दुदही में आये दिनों बिजली सप्लाई को लेके उपभोक्ता बंधुओ को उमस भरी गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ता है दुदही को नगर पंचायत का दर्जा मिले लगभग दो वर्ष पुरे हो चुके परन्तु नगरी वद्युत सप्लाई के तहत अभी भी दुदही वंचित है इस समस्या को ध्यान देते हुए व्यापार मण्डल दुदही के व्यापारीयों की टोली ने अधिशाषी अभियंता विद्युत बिभाग सेवरही को पत्रक के माध्यम से अवगत कराया और साथ ही दुदही नगर में जर्जर पड़े तारों के आये दिन टूटने की समस्या से अवगत कराया और नगर पंचायत के अंदर नगरीय विद्युत सप्लाई की मांग को रखा गया। इस क्रम में व्यापार मण्डल अध्यक्ष रामकुमार जायसवाल, संरक्षक व्यास गुप्ता ,कमलेश जायसवाल बिंध्याचल मित्तल , प्रमोद कुमार गुप्ता मुकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

फंदे से लटके बेटे को देख परिजन रह गए दंग बारात से पहले घर से निकला दूल्हे का जनाजा

अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव

गोरखपुर। बारात निकलने से पहले दूल्हे का निकला जनाजा आज शुक्रवार को निकलनी थी शाम को बरात सुबह परिजनों ने लटकते हुए देखा धर में लटकते हुये लाश परिजनों ने दिया पुलिस को सूचना।बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दूल्हे की बारात निकलनी थी। कमरे का दरवाजा सुबह देर तक नहीं खुला। जगाने पहुंचे परिजनों ने खिड़की से झांक कर देखा तो उनके होश उड़ गए। पंखे से रस्सी के सहारे दूल्हे का शव लटक रहा था।आननफानन दरवाजा तोड़कर लोग अंदर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह का कहना है कि प्रेम प्रसंग के एंगल पर भी छानबीन कर रही है।मामला गोरखनाथ इलाके के रसूलपुर का है। यहां के निवासी सिराज(35) पुत्र अकरम का शुक्रवार सुबह कमरे में शव लटकता हुआ मिला। परिजनों के मुताबिक, बीती गुरुवार देर रात तक निकाह ही रस्में चलीं। जिसमें दूल्हा भी शामिल रहा। शुक्रवार सुबह घर से बारात निकलनी थी। परिजन उसे जगाने कमरे में गए। काफी आवाज लगाने पर भी जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से देखा। दूल्हा फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि, युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया पुलिस इसकी जांच में जुटी है। परिवार जनों का रोते–रोते बुरा हाल है।

अधिवक्ताओं ने सिविल जज लालगंज के माध्यम से मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय प्रयागराज को संबोधित ज्ञापन सौंपा

अमिट रेखा व्यूरो

प्रतापगढ। आज संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज प्रतापगढ़ के अधिवक्ता गणों ने माननीय मुख्य न्यायाधीश महोदय उच्च न्यायालय प्रयागराज इलाहाबाद एवं माननीय जिला जज महोदय प्रतापगढ़ व सिविल जज महोदय लालगंज प्रतापगढ़ के माध्यम से शुक्रवार को प्रस्तुत ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से सँयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश नारायण तिवारी व उपाध्यक्ष सन्तोष पांडे ,ने निवेदन किया कि थाना लालगंज व सांगीपुर न्यायालय की सिविल व फौजदारी पुरानी व नई पत्रावलियों स्टेट केसों की सुनवाई लालगंज न्यायालय में हो और ऐडीज न्यायालय की मांगों को भी रखा ज्ञापन सौंपते समय पूर्व अध्यक्ष आदरणीय ज्ञानप्रकाश शुक्ला जी, पूर्व अध्यक्ष अनिल महेश तिवारी जी ,पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्रा जी, विपिन कुमार शुक्ला जी पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जी पूर्व महामंत्री सन्दीप सिंह जी ,लाल विनोद सिंह जी शेष त्रिपाठी जी आशुतोष सिंह,पवन कुमार पांडेय ,रमेश कुमार पांडे,अरुण सिंह, हरिशंकर द्विवेदी,सिंटू मिश्रा, शशिकान्त मिश्रा,संजय दुबे,शिबेन्द्र तिवारी ,इरफान हुसैन, सुधाकर मिश्र, मनोज कुमार शुक्ला,प्रभाकर मिश्र आदि अधिवक्ता मौके पर मौजूद रहे।

पनियरा पुलिस ने किया एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार भेजा जेल

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महाराजगंज के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक पनियरा के अगुवाई में उ0नि0 इम्तियाज अहमद मय हमराहियान द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मुकदमा अपराध संख्या=290ध20, धारा=41,411,413,420,467,468,471 भादवी से संबंधित अभियुक्त इरफान अली पुत्र जामीर अली निवासी शेख पुरवा थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर की पहचान कर कारण गिरफ्तारी से अवगत कराते हुए, समय 10.30 बजे करीब पुलिस हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए चालान माननीय न्यायालय किया। पुलिस टीम–उ0नि0 इम्तियाज अहमद हे0का0 साजिद इमाम हे0 का0 गौरी शंकर मल्ल।

सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए विधायक बजरंग बहादुर सिंह

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज मंडल। विकास खण्ड–बृजमंजगंज के सभी सम्मानित जिला पंचायत सदस्यध ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य के सम्मान समारोह में विधायक बजरंग/बहादुर/सिंह के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश जायसवल ,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विवेका पाण्डेय बृजमनगंज ब्लॉक प्रमुख उदयराज यादव,प्रधान चंदू सिंह,रवींद्र सिंह भाजपा नेता राकेश जायसवाल ,हरीशचंद्र सोनकर नन्हे सिंह योगेंद्र यादव ,सभासद नन्दू पासवान ,प्रदीप पाण्डेय ,विशाल वर्मा,आशिष जायसवाल और सभी सम्मानित जनता मौजूद रही।

स्वागत सम्मान समारोह
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन..!
दिनांक-30 जुलाई 2021 दिन-शुक्रवार
मुख्य अतिथि:- बजरंग बहादुर सिंह विधायक फरेन्दा
विशिष्ट अतिथि:- राजेश जायसवाल नगर अध्यक्ष, फरेन्दा
चन्दू सिंह
प्रदीप पाण्डेय
REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA

सहज जन सेवा केंद्र का ताला तोड़कर चोरों ने इनवर्टर बैट्रा तैतीस हजार चुराया

अमिट रेखा व्यूरो

प्रतापगढ। थाना बाघराय अंतर्गत बिहार ब्लॉक के सामने सहज जन सेवा केंद्र पर बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर उसमें रखा इनवर्टर सहित 33000 रूपया चुरा ले गए। थाना बाघराय अंतर्गत ब्लॉक बिहार के सामने, निवासी बारो के परम तिवारी ने सहज जन सेवा केंद्र खोल रखा है बृहस्पतिवार की शांय केंद्र से अपने घर चले गए जब शुक्रवार की सुबह केंद्र पर आये तो देखा केंद्र का ताला टूटा हुआ है उसके अंदर रखा इनवर्टर बैटरा तथा गले में ध्33000 अज्ञात चोर चुरा ले गए मामले की तहरीर थाने में दी।

रंजिश में दवा लेने जा रही मां-बेटी को पीटा, युवती का पिटाई से पैर टूटा

अमिट रेखा व्यूरो

प्रतापगढ। ।दवा लेने जा रही मां–बेटी की पिटाई से युवती का पैर टूटा पुलिस से की गई नामजद शिकायत। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नोही गांव की रहने वाली रंजना शर्मा का आरोप है कि वह अपनी मां लीलावती के साथ आज सुबह दवा लेने जा रही थी, इस दौरान रास्ते में गांव के ही लाल बहादुर अपने भाइयों के साथ उसे घेर लिया और लाठी–डंडे से उसकी पिटाई कर दी द्य इस मारपीट में जहां रंजना का पैर टूट गया है वहीं लीलावती को गंभीर चोटें आई हैं द्य दोनों घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से पट्टी कोतवाली लाया गया जहां पर घायल ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

अमिट रेखा व्यूरो

प्रतापगढ। बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लाक परिसर में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रधान बीडीसी एनआरएलएम की महिलाएं उपस्थित रहे विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में खंड विकास अधिकारी उमेश यादव ब्लॉक मिशन मैनेजर रामानंद सिंह नावेदा आलम शिवचंद एवं राम प्रकाश पांडे एडवोकेट विधिक सलाहकार वीरेंद्र शर्मा देश दीपक सरोज इन्द्र प्रसाद तिवारी एडवोकेट चौकी इंचार्ज दीवानगंज अमित मिश्रा प्रधान सुधाकर सिंह प्रधान धर्मेंद्र सरोज प्रधान दीपक सिंह मदन सिंह व भाजपा महामंत्री हनुमान त्रिपाठी किसान यूनियन अध्यक्ष हरीश पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

एक साल से वार्ड ब्वाय के भरोसे चल रहा उतरास का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

– चिकित्सा अधिकारियों की अनदेखी से फल फूल रहा झोला छाप नीम हकीमो का धंधा

अमिट रेखा व्यूरो

प्रताप गढ। कंधई थाना अंतर्गत स्वर्गीय वासुदेव सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उतरास मे विगत एक वर्ष से डॉक्टर और फार्मासिस्ट के अभाव में मरीजों को देखने और दवा बांटने का कार्य हॉस्पिटल ।के तैनात वार्ड ब्वाय माता फेर कर रहा है।इस सम्बन्ध में जब वार्डबॉय माता फेर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पिछले एक साल से यहां किसी डॉक्टर की तैनाती नही की गई।एक वर्ष पूर्व यहां डॉक्टर राहुल सिंह थे उनके ट्रांसफर के बाद यहां कोई नही आया तब से यहां की देख मैं अकेले करता हूँ।किसी अन्य स्टाफ की तैनाती न होने की वजह से मुझे कभी अवकाश नही मिल पाता।

निश्चित तौर पर चिकित्सा विभाग की ये बहुत बड़ी लापरवाही कही जाएगा जहाँ बिना डॉक्टर के हॉस्पिटल को वार्डबॉय के भरोसे चलाया जा रहा है।सरकार पचासों लाख की लागत से हॉस्पिटल की विल्डिंगें तो बनवा देती है।लेकिन डाक्टर के अभाव में मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जाता है।इस संदर्भ में सी एच सी प्रभारी भरत पाठक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही डॉक्टरों की नियुक्ति कर दी जाएगी।लेकिन यहां सवाल ये उठता है कि आखिर बिगत एक वर्ष से अभी तक डॉक्टरों की नियुक्ति क्यों नही हुई। इसका फायदा झोलाछाप डॉक्टर लोगों का शोषण कर रहे हैं मजबूर होकर लोगों को दवा लेनी पड़ रही है सरकारी डॉक्टर के अभाव में।

गुणवत्ता मानको के साथ नई सडकों के निर्माण एवं चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण कार्य परियोजनाओं को पूर्ण किए जाने का डीएम ने दिए निर्देश

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो। जनपद में नई सडकों के निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की प्रगति समीक्षा कार्यदायी संस्था, लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा की देर सायं जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन द्वारा गूगल मीट द्वारा की गयी । कार्य परियोजनाओं को प्रत्येक दशा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कमल किशोर द्वारा बताया गया कि बलुआ अफगान बिन्दवलिया टोला आमघाट के बीच नाले पर पुल का निर्माण व अतिरिक्त पहुँच मार्ग कार्य के तहत पुल का कार्य पूर्ण हो चुका है। एप्रोच मार्ग में 300 मीटर में भूमि विवाद भी अब समाप्त हो गया है। भरथुआ–भटनी–भिंगारी मार्ग के किलोमीटर 9 प्वाईन्ट से शहीद विजय मौर्या के गांव छपिया जयदेव तक सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण हेतु 1.80 कि0मी0 की लम्बाई में कार्य परियोजना स्वीकृत है। जिलाधिकारी द्वारा उपलब्ध भूमि में ही कार्य कराए जाने का निर्देश अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी को दिया गया। बर्दगोनिया कपिल चौराहा मार्ग के बढ़ई टोला, डोमा टोला, लम्बा टोला, शाही टोला से नागा प्रसाद की मशीन होते हुए सुदामा चौराहा नकटा पुल मार्ग के निर्माण कार्य की लम्बाई 3.80 कि0मी0 सडक कार्य परियोजना स्वीकृत है, जिसमें 400 मीटर में भूमि विवाद था, इस प्रकरण का समाधान हो गया है। जनपद देवरिया में सनौली–नौतनवा, गोरखपुर–देवरिया बलिया मार्ग (एसएच–1) के कि0मी0 145 से 161 तक फोर लेन में चौड़ीकरणध सुदृढ़ीकरण कार्य की लम्बाई 15.80 कि0मी0 है, जिसमें 15.15 कि0मी0 में ही डीबीएम का कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष 0.650 कि0मी0 में कार्य हेतु ठेकेदार को पत्र लिखा गया है। भरथुआ, भटनी, भिंगारी मार्ग के चौड़ीकरणध सुदृढ़ीकरण के कार्य हेतु 26 कि0मी0 लम्बाई की स्वीकृति कार्य परियोजना में 20 कि0मी0 चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है एवं 16 कि0मी0 में बीसी का कार्य भी पूर्ण है। माह के अंत में धन आवंटन प्राप्त हुआ है। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि इस कार्य सहित शेष अन्य कार्य परियोजनाओं के भी कार्य प्रगति पर है। धन की मांग की गयी है। सभी कार्य परियोजनायें माह नवंबरधदिसम्बर तक पूर्ण कर लिए जायेगें। समीक्षा में यह पाया गया कि प्रांतीय खंड लोक निर्माण की नई सडको के निर्माण कार्य की 38 परियोजनायें लम्बाई 59.38 कि0मी0 तथा निर्माण खण्ड की 39 कार्य परियोजनायें लम्बाई 61.44 कि0मी0 सहित इन दोनो खण्डों के नई सडको की 77 परियोजनायें लम्बाई 120.82 कि0मी0 के कार्य निमार्णाधीन है। इसी प्रकार सडको के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के तहत प्रांतीय खण्ड की 8 लम्बाई 88.07 कि0मी0 एवं निर्माण खण्ड की 8 लम्बाई 75.45 कि0मी0 कार्य परियोजनाओं सहित कुल 16 कार्य लम्बाई 163.52 कि0मी0 चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य की परियोजनायें निर्माणाधीन है। इस प्रकार जनपद में नई सडकों के निर्माण एवं चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य के तहत लोक निर्माण विभाग की कुल 93 कार्य परियोजनाएं लम्बाई 284.34 कि0मी0 का निर्माण कार्य प्रचलित हैं, इन सभी कार्य परियोजनाओं को जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया। आरईएस विभाग की समीक्षा में पाया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 14 नए कार्य परियोजनाएं 80.88 किलोमीटर की स्वीकृत है, इन परियोजनाओं के लिए कुल 98.93 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है, जिसे शत प्रतिशत माह जून तक व्यय किया जा चुका है। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी कमल किशोर, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के अधिशासी अभियंता सहित अन्य सहायक अभियंता आदि जुडे रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की बैठक

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी। जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की शासकीय निकाय की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण, संचारी रोग, टेस्टिंग व सैम्पलिंग जैसे विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की समीक्षा की गयी। कोविड टीकाकरण के संदर्भ में जिलाधिकारी ने कहा कि तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतें, विशेषकर लक्ष्मीपुर, निचलौल और नौतनवा जैसे सीमावर्ती ब्लॉक। जिलाधिकारी ने फरेंदा स्टेशन पर कैम्प लगाकर टेस्टिंग का निर्देश दिया, ताकि संवेदनशील राज्यों से आने वाले कोविड मरीजों को चिन्हित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लोगों को पहली डोज लग चुकी है, उनका दूसरा डोज भी सही समय पर लगाया जाए और इसके लिए आशाकर्मियों की सहायता ली जाए और साथ ही को–विन पोर्टल पर टीकाकरण की नियमित फीडिंग सुनिश्चित की जाये संस्थागत प्रसव की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने 5 सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली ए.एन.एम का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण माँगने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव शत–प्रतिशत सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए जिलाधिकारी ने नियमित तौर पर ओपीडी के संचालन और चिकित्सा की गुणवत्ता को सुधारने का निर्देश दिया। इस संदर्भ में जो भी शिकायतें हैं, उनके त्वरित निस्तारण के लिए सीएमओ को निर्देशित किया जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और कोरोना से सुरक्षा प्राथमिकता है और इसके लिए सभी लोग पूरी ईमानदारी से युद्धस्तर पर कार्य करें।बैठक में सीएमओ डॉ ए.के. श्रीवास्तव, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार, डी.आई.ओ.एस अशोक कु. सिंह, सभी प्रभारी निरीक्षक सीएचसीध्पीएचसी समेत जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

एसएसबी एवं पुलिस टीम जन जागरूकता रैली निकाली

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज ,मंडल प्रभारी। मानव तस्करी विरोध दिवस के अवसर भारत नेपाल बॉर्डर के अंतर्राष्ट्रीय महत्व का कस्बा सोनौली में आज शुक्रवार की सुबह करीब बजे मानव सेवा संस्थान सेवा गोरखपुर के निदेशक राजेश मणि के नेतृत्व में एसएसबी, पुलिस ने संयुक्त रूप से मानव तस्करी रोकथाम हेतु एक जन जागरूकता रैली निकाली गयी। मानव तस्करी रोकथाम जन जागरूकता रैली भारत नेपाल सीमा के सोनौली बॉर्डर स्थित भारत द्वार से रैली चलकर राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए एसएसबी कैंप कार्यालय तक गया। रैली में उपस्थित लोगों ने विभिन्न तरह के नारे लगाए और पैदल मार्च करते हुए लोगों को मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराध को रोकने के लिए लोगों को जागरूक भी किया इस मौके पर एफबी पुलिस और मानव सेवा संस्थान सहित नगर के तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

SCIAF
Caritas
स्वरक्षा
मानव तस्करी रोध दिवस
"Victims' Voices Lead the Way"
जागरुकता अभियान
PLAN
DEHAT

युवा नेता सत्येंद्र त्रिपाठी ने की न्याय एवं अधिकारिता मंत्री से मुलाकात

अमिट रेखा (ब्लॉक प्रभारी)

विनय कुमार मिश्र

देवरिया। जनपद के युवा नेता सत्येंद्र त्रिपाठी जिले की कुछ समस्याओं को लेकर देश की राजधानी नयी दिल्ली पहुचे । वहाँ पहुंचकर उन्होंने संगठन की साथी एवं त्रिपुरा की पूर्व प्रदेश महासचिव व वर्तमान न्याय एवं अधिकारिता मंत्री केंद्र सरकार प्रतिमा भौमिक से मुलाकात किए । माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी जी के द्वारा संचालित जनहित की योजनाओं को जन जन तक पहुचाने का संकल्प लिया। देवरिया जनपद के विकास व जनजातीय विकास पर चर्चा के साथ ही दिव्यांगजनो के विकास के लिए केंद्र सरकार के कदमो को लागू करने के सन्दर्भ मे भी चर्चा की। दिव्यांगजनो के लिए अलग से प्रधानमंत्री कौशल केंद्र की स्थापना के लिए भी आग्रह किया। अवगत करा दे की सत्येंद्र त्रिपाठी भारतीय जनता पार्टी मे पूर्वोत्तर के पूर्व संगठन सचिव भी रह चुके है । पहली बार जब असम, मेघालय और मिजोरम में बी जे पी की सरकार बनी थी उसमे सत्येंद्र त्रिपाठी का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा था। सत्येंद्र त्रिपाठी ने ये भी बताया कि आने वाला समय युवाओ को प्रोत्साहित करने वाला है क्युकी आगे की राजनीति अब युवा ही तय करेगी । आगामी चुनाव मे क्षेत्र का विकास , शिक्षा और कल कारखाने यही मुद्दा बनेंगे । ऐसे समय मे हर एक युवा को अपनी भागीदारी तय करने की जरूरत है। साथ ही इन्होंने देवरिया जनपद के विकास के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प भी लिया।

वीर बहादुर सिंह यादव उर्फ गोपाल बनाये गये विधान सभा सहजनवां अध्यक्ष

अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव

गोरखपुर। पाली ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत सहरी निवासी बीर बहादुर सिंह यादव उर्फ गोपाल यादव को मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड समाजवादी पार्टी के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करने तथा उनके द्वारा पार्टी को दी गई तेज गति को देखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव के निर्देश पर मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा के अनुमति से मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड समाजवादी पार्टी के सहजनवां विधानसभा अध्यक्ष पद को कार्यालय पर मनोनीत किया गया। वहीं बीर बहादुर सिंह यादव ने विधान सभा अध्यक्ष पदभार को ग्रहण कर कहा कि मैं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव को सहृदय से आभार व्यक्त करता हूं और संकल्प के साथ कहता हूं कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सहजनवां विधान सभा के साथ साथ पूरे उत्तर प्रदेश में पार्टी का परचम लहरा कर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश सिंह यादव को उत्तर प्रदेश में दूसरी बार मुख्यमंत्री बनाने में संकल्पित हूं। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज यादव, सुनील सिंह, राजेश यादव, सत्येंद्र यादव,भूलन यादव, रामनाथ यादव,विश्वदेव यादव, अंशुमान चौबे, अनिल शर्मा,बबलू कुमार, अरविन्द कुमार, धर्मेन्द्र यादव, विकास यादव, अमित यादव, राजन कुमार, ऋषिकेश सिंह, उपेन्द्र यादव,अजय यादव सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं ने बीर बहादुर सिंह यादव उर्फ गोपाल यादव को फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दिया।

चंद्रा पब्लिक स्कूल के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज, मंडल प्रभारी। चन्द्रा पब्लिक स्कूल के इण्टर मीडिएट के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन छात्र–छात्राओं ने अपने सफलता का श्रेय माता पिता के साथ गुरुजनों को दिया परीक्षा फल में ईश्वरचंद को 87:,अवनीश कुमार 77:,निधि मिश्रा 75:,अनुपम यादव,71.2:,आदित्य गिरी 70.2: व तन्मय त्रिपाठी 70: अंक पाये है इनके अलावा दीपिका मौर्या 67.6:,सूरज मद्धेशिया 66.8:,विकास वर्मा 62.2:,नम्रता सिंह 62.4:,शिवांगी उपाध्याय 60.6:,संतोष पाण्डेय 60: व दीप राज श्रीवस्तवव 60: मिला है। इण्टर के बेहतर परीक्षाफल पर प्रबन्धक सुधेश मोहन श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य जितेन्द्र गिरी,उपप्रधानाचार्य राजेश सहानी,जगमोहन मिश्र,हरि बहादुर,क्षीतेंद्र मिश्र,धीरेंद्र मिश्र,केशरीन मिश्रा,पुरुषोत्तम पाण्डेय,गुंजेश्वर गुप्ता,सर्वोत्तम यादव व बृजेश त्रिपाठी ने बधाई दी है।

NIDHI MISHRA
D.O.B. 14-09-2003

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय
सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव
प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव
मो०– 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक– निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होगें।